

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 9 नवंबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-222 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## एमपी-एमएलए पर चल रहे मुकदमों में लाएं तेजी

### स्पेशल बेंच बना लें हाई कोर्टः सुप्रीम कोर्ट

■ नई दिल्ली 9 नवंबर

सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के निपटारे में तेजी लाई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश भर के उच्च न्यायालयों को आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वे खुद ऐसे मामले दर्ज करें और उनकी मॉनिटरिंग करें। खासतौर पर उन मामलों को प्राथमिकता दें, जिनमें उम्रकैद या फिर फांसी तक की सजा का प्रावधान हो। अदालत ने कहा कि हाई कोर्ट इसके लिए स्पेशल बेंच भी बना सकते हैं। हत्या के मामलों में दोषी ठहराए जाने पर उम्रकैद से लेकर हत्या तक की सजा का प्रावधान है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में टाइमलाइन को लेकर कोई निर्देश नहीं दिए जा सकते।



लेकिन उच्च न्यायालयों के चीफ जस्टिस अपने अधिकार क्षेत्र में चल रहे ऐसे केसों की पूरी निगरानी करें और उनके ट्रायल समय पर खत्म हों, ऐसा सुनिश्चित करें। बेंच ने कहा कि यदि जरूरी हो तो स्पेशल बेंच समय-समय पर केस को लिस्ट कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों की सुनवाई करने वाली स्पेशल बेंच का नेतृत्व खुद हाई कोर्ट्स के चीफ जस्टिस को करना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि किसी मामले में मौत या फिर उम्रकैद की सजा हो सकती हो तो उन्हें प्राथमिकता सुना जाना चाहिए।

चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट्स को उन मामलों की लिस्ट बनानी चाहिए, जिनका ट्रायल रुक गया है। ऐसे सभी मामलों में तेजी लानी चाहिए ताकि समय पर उनका निपटारा हो सके। अदालत ने एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की अर्जी पर यह आदेश दिया, जिसमें मांग की गई थी कि अदालत मौजूदा एवं पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ चल रहे मामलों में तेजी लाए। अदालत में सुनवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि देश भर में मौजूदा एवं पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ 5,175 केस लंबित हैं। इनमें से 2,116 यानी करीब 40 फीसदी केस ऐसे हैं, जो 5 साल से ज्यादा वक्त से लंबित हैं। इनमें सबसे ज्यादा 1377 केस तो उत्तर प्रदेश के ही हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर बिहार है, जहां 546 केस लंबित हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में 482 केस अभी लंबित हैं। इससे पहले 2014 में एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ आरोप तय होने के एक साल के अंदर मामलों का निपटारा हो जाना चाहिए।

## बौखलाए पाकिस्तान ने किया सीजफायर का उल्लंघन

### आधी रात भारतीय गांवों में की गोलीबारी

■ जम्मू-कश्मीर 9 नवंबर

बुधवार की देर रात पाकिस्तान ने एक बार फिर सीजफायर का उलंघन किया. पाकिस्तानी रेंजरों द्वारा रामगढ़ और अरनिया सेक्टरों में अकारण गोलीबारी की गई. रामगढ़ में सीमा पार से हुई गोलीबारी में बीएसएफ का एक अधिकारी घायल हो गया, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. पाकिस्तान रेंजर्स ने भारतीय चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी की. भारतीय सैनिकों ने इसका 'मुंहतोड़' जवाब दिया.



स्थानीय निवासी नरिंदर कौर का कहना है, ÷गोलीबारी रात में शुरू हुई. सुबह 4 बजे के आसपास हमें पता चला कि फायरिंग यह बंद हो गई है. हम अपने बच्चों के साथ स्टोर रूम में सो रहे थे. स्कूलों ने कहा है कि बस यहां नहीं आएगी.÷ चूंकि हमारा गांव सीमा के पास है, हम अपने बच्चों को पास के गांव में ले जा रहे हैं, वहां से वे हमारे बच्चों को ले जाएंगे।

## आईडीएफ ने हमास की 130 सुरंगों को किया नेस्तनाबूद

**येरूसलम।** आईडीएफ ने कहा कि गाजा पट्टी में जमीनी अभियान शुरू होने के बाद से इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कम से कम 130 हमास सुरंगों को नष्ट कर दिया है। आईडीएफ प्रवक्ता के अनुसार, बल संकटग्रस्त गाजा शहर में और उसके आसपास महत्वपूर्ण सैन्य गतिविधि कर रहा है। आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आईडीएफ के लड़ाकू इंजीनियर वर्तमान में सुरंगों सहित गाजा में हमास के आतंकवादी बुनियादी ढांचे को उजागर करने और नष्ट करने के लिए काम कर रहे हैं। सुरंगों के अंदर पाया गया पानी और ऑक्सीजन का भंडार हमास की लंबे समय तक भूमिगत रहने की तैयारी का संकेत देता है। युद्ध की शुरुआत के बाद से 130 सुरंग प्रवेश द्वार नष्ट कर दिए गए हैं। आईडीएफ ने कहा कि इंजीनियरिंग बलों के साथ 460वीं ब्रिगेड के सैनिकों को कार बैटरी वाली एक संरचना के बगल में कई सुरंग प्रवेश द्वार मिले, जहां हमास के आतंकवादियों ने हमले को अंजाम देने के लिए हथियार और भोजन तैयार किया था। इसी बीच इजरायल की डिफेंस फोर्सेज ने दावा किया है कि उन्होंने एक अस्पताल के नीचे बनी सुरंग में छिप कर बैठे गाजा के लादेन यानी गाजा के चीफ कमांडर याह्हा सिनवर को घेरे लिया है। सुरंग पर हमला कर सिनवर को आइसोलेट कर दिया गया है। वो सुरंग में अकेला बताया जा रहा है।

## संक्षेप

### ट्रेलर में ब्लास्ट होते ही लगी आग

**कोरबा 9 नवंबर।** जिले में एक बड़ा हादसा होते-होते टलने की खबर सामने आई है. चलती ट्रेलर में अचानक ब्लास्ट होने से भीषण आग लग गई. ट्रेलर के चालक ने किसी तरह छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। जब तक दमकल कर्मी आग पर काबू पाते, ट्रेलर जलकर खाक हो चुका था। मुख्य मार्ग में करीब एक घंटे तक जाम लगी रही। जिसे खुलवाने पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। घटना उरगा हाटी राजमार्ग में कोटमेर के समीप हुई. बताया जा रहा है कि मूलतः बिहार निवासी महेंद्र मेहता वाहन चालक का काम करता है। वह शाह कोल ट्रांसपोर्ट कंपनी के ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एडी 83 60 को लेकर कोरबा की ओर आ रहा था। वह करतला थाना अंतर्गत ग्राम कोटमेर के समीप पहुंचा था। इसी दौरान उसे इंजन से ब्लास्ट की आवाज सुनाई दी। वह कुछ समझ पाता, इससे पहले धुएं के साथ आग की लपटें निकलने लगी।

### कांग्रेस ने जनता को दिया धोखाः जयराम

**रायपुर 9 नवंबर।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रेसवार्ता कर कांग्रेस की घोषणाओं की स्थिति पर तंज कसते हुए कांग्रेस की गारंटी और घोषणाओं पर सवाल उठाया. जयराम ठाकुर ने कहा, हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस ने जो वायदे किए, 11 माह बाद भी उस पर अमल नहीं हुआ. कांग्रेस ने हिमाचल में 10 गारंटी की बात की थी. 1500 रुपए महीना हिमाचल की सभी महिलाओं को देने की बात कही थी, कांग्रेस की ये गारंटी अभी तक पूरी नहीं हुई. जयराम ठाकुर ने कहा, पांच साल में 5 लाख नौकरी की गारंटी दी गई थी. यानि हर साल 1 लाख नौकरी की बात कही थी, लेकिन अभी तक एक भी नौकरी नहीं मिली. वहीं 10 हजार आउट सोर्स से नौकरी कर रहे लोगों को बाहर कर दिए. सेब की समर्थन मूल्य की बात कही थी, लेकिन अब हिमाचल के मंत्री का कहना है सेब का कहीं एमआरपी तय नहीं, इसलिए यह संभव नहीं।

### ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**अंबिकापुर 9 नवंबर।** अंबिकापुर-रामानुजगंज मुख्यमार्ग पर शहर सीमा से लगे शंकरघाट के पास गुरूवार सुबह ट्रेलर वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। हादसे के बाद मार्ग में जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोडार्क बिल्डर्स में काम करने वाला युवक पंकज एक्का (32) होंडा बाइक क्रमांक सीजी 15 डीके 2386 में सवार होकर सुबह कोडार्क सिटी शंकरघाट में काम करने के लिए जा रहा था। उसे सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 08 डब्लू 5566 ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पंकज एक्का के सिर में गंभीर चोटें आई एवं सिर फट गया। गंभीर चोट के कारण सड़क पर गिरे युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक तेज रफ्तार में रांग साइड से जा रहा था और सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गया। कोतवाली अंबिकापुर पुलिस ने शव को पंचनामा पश्चात् पीएम के लिए भेज दिया है।

## कुमार विश्वास के सुरक्षागार्डों ने डॉक्टर को पीटा

**नई दिल्ली।** मशहूर कवि डॉक्टर कुमार विश्वास एक नए विवाद में घिर गए हैं। गाजियाबाद में एक डॉक्टर ने उनके सुरक्षाकर्मियों पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। डॉक्टर ने अपने चेहरे से टपकते हुए खून को दिखाते हुए कहा कि कार को पास न देने की वजह से उन्हें पीटा गया है। इस घटना से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इस मामले को लेकर कवि डॉक्टर कुमार विश्वास ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा है कि गाजियाबाद हिंडन के किनारे उनके काफिले पर हमला किया गया। उन्होंने लिखा की सुरक्षाकर्मियों की गाड़ी पर दोनों ओर से टक्कर मारकर उसमें सवार लोगों ने सुरक्षाकर्मियों से मारपीट की। लेकिन थोड़ी देर बाद दूसरा पक्ष भी सामने आया।



वहीं डॉक्टर पल्लव वाजपेयी ने अपने आप को पीड़ित बताते हुए कहा कि उनके साथ मारपीट की गई है। उनके चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। उनके चेहरे से खून टपक रहा था। घटना स्थल पर करीब आधे घंटे तक रुके डॉक्टर ने मीडियाकर्मियों को अपनी चोटे दिखाई।

कवि डॉक्टर कुमार विश्वास ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा की आज अलीगढ़ जाते समय वसुंधरा स्थित घर से जब निकला तो हिंडन के तट पर, किसी कार चालक ने साथ चल रहे सुरक्षाकर्मियों की कार पर दोनों ओर से कार की टक्कर से हमला करने की कोशिश की। जब नीचे उतर कर सुरक्षाकर्मियों ने उस व्यक्ति को पूछताछ के लिए रोका तो उसने न केवल यूपी पुलिस के सिपाही अपितु केंद्रीय बलों के सुरक्षाकर्मियों पर भी हमला किया । पुलिस को रिपोर्ट कर दी है। कारण पता नहीं चल पाया। ईश्वर सब को सुरक्षित रखे। आप सबकी शुभकामनाओं हेतु आभार।

## सांसद महुआ मोइत्रा को पद से बर्खास्त करने की सिफारिश

**नई दिल्ली 9 नवंबर।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की संसदीय सदस्यता खतरे में है क्योंकि उनके खिलाफ कैश-फॉर-क्वेरी आरोपों की जांच कर रही संसदीय आचार समिति ने उन्हें तत्काल बर्खास्त करने की सिफारिश की है। समिति ने एनडीटीवी द्वारा प्राप्त अपनी 500 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट में मोइत्रा के कार्यों को अत्यधिक आपत्तिजनक, अनैतिक, जघन्य और आपराधिक बताया और कड़ी सजा की मांग की। इसके अतिरिक्त, समिति ने केंद्र सरकार से इस मामले की व्यापक कानूनी, संस्थागत और समयबद्ध जांच की मांग की है। रिपोर्ट विशेष रूप से महुआ मोइत्रा और व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के बीच नकद लेनदेन से जुड़े मनी ट्रेल की जांच करने की



आवश्यकता पर जोर देती है, जो संभावित क्विड प्रो क्वो व्यवस्था की ओर इशारा करती है। रिपोर्ट में कहा गया है, श्रीमती महुआ मोइत्रा और श्री दर्शन हीरानंदानी के बीच क्विड प्रो क्वो के हिस्से के रूप में नकद लेनदेन के मनी ट्रेल की भारत सरकार द्वारा कानूनी, संस्थागत और समयबद्ध तरीके से जांच की जानी चाहिए। संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा अध्यक्ष को सौंपी जाने वाली विस्तृत रिपोर्ट पर गहन चर्चा के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगे रिश्वत लेकर प्रश्न पूछने संबंधी आरोपों की जांच कर रही लोकसभा की आचार समिति राष्ट्रीय सुरक्षा पर अनैतिक आचरण का असर पड़ने के आधार पर उन्हें संसद के निचले सदन से निष्कासित करने की सिफारिश कर सकती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति अपनी मसौदा रिपोर्ट को स्वीकारने के लिए बृहस्पतिवार शाम बैठक कर रही है। बैठक में विपक्षी सदस्यों द्वारा रिपोर्ट की सिफारिशों का पुरजोर विरोध किए जाने की संभावना है। यह जानकारी मिली है कि मसौदा रिपोर्ट में मोइत्रा के आचरण की निंदा की गई है और इसे अत्यधिक आपत्तिजनक, अनैतिक, जघन्य और आपराधिक बताया गया है। साथ ही सरकार से मामले में समयबद्ध कानूनी और संस्थागत जांच का भी आह्वान किया गया है। मसौदा रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार को मोइत्रा और व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के बीच धन के कथित लेन-देन की जांच करनी चाहिए। समिति ने यह भी कहा है कि सबसे मुखर विपक्षी सदस्यों में से एक, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद दानिश अली को दो नवंबर को आखिरी बैठक के दौरान मोइत्रा से सोनकर द्वारा पूछे गए सवालों के बारे में तोड़-मरोड़कर बात रखने के लिए फटकार लगाई जानी चाहिए।

## देश में सिर्फ एक जाति गरीब तो मोदी खुद को क्यों कहते हैं ओबीसीः राहुल

**रायपुर 9 नवंबर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला और पूछा कि वह खुद को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के रूप में क्यों बताते रहते हैं जबकि प्रधानमंत्री भारत में जिस एकमात्र जाति को गरीब मानते हैं। छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि पीएम मोदी हर भाषण में कहते हैं, मैं ओबीसी हूं। लेकिन जब मैं जाति जनगणना के बारे में बात करता हूं, तो वे कहते हैं कि भारत में कोई जाति नहीं है। भारत में केवल एक ही जाति है- गरीब। राहुल ने पूछा कि मोदी जी, अगर देश में गरीब ही एकमात्र जाति है तो आप खुद को ओबीसी क्यों कहते हैं? इसके बाद उन्होंने काले धन, नोटबंदी या पहले रद्द किए गए कृषि कानूनों के बारे में किए गए वादों के लिए पीएम मोदी पर कटाक्ष किया और कहा कि वे या तो झूठे थे या कभी पूरे नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां आए और आपको 15 लाख रुपये देने का वादा किया. क्या आपने इसे प्राप्त किया था? उन्होंने कहा कि नोटबंदी से काला धन खत्म हो जाएगा। क्या ऐसा हुआ? उन्होंने कहा कि कृषि बिल से किसानों को फायदा होगा।

## ट्रांसफार्मर के सामने लगा दिया पटाखा बाजार

### अग्नि दुर्घटना का पूरा इंतजाम

**बलौदाबाजार 9 नवंबर।** शहर का पटाखा दुकान इन दिनों चुनाव को देखते हुए दशहरा मैदान से हटाकर इंदिरा कॉलोनी मुख्य मार्ग पर लगाया गया है. जहां दुकान आबंटित की गई है. आबंटित दुकानों के ठीक सामने विद्युत ट्रांसफार्मर लगा है जो खतरे की घंटी भी है. जिससे निकली एक चिंगारी बड़ी तबाही मचा सकती है और सब कुछ तहस नहस हो सकता है. यह बड़ी लापरवाही बलौदाबाजार के इंदिरा कॉलोनी मुख्य मार्ग में लगे पटाखा दुकान के



पास की है. इंदिरा कॉलोनी मुख्य मार्ग में लगे फटा का दुकान के ठीक सामने दो-दो टांसफार्मर लगे हैं जो कभी भी वोल्टेज के चलते चिंगारी गिरकर पटाखे पर लग सकती है. वहीं मध्यमवर्गीय पटाखा व्यापारी जान जोखिम में डालकर व्यापार करने को मजबूर है. पटाखा व्यापारियों का कहना है कि जगह नीलामी के पूर्व नगरपालिका एसडीएम कार्यालय और कलेक्टर को आवेदन देकर स्थान बदलने निवेदन किया था पर नहीं सुना गया और अब हमलोग खतरे के बीच दुकान लगा रहे हैं, डर भी है और व्यापार भी करना है. वहीं फायर सेफ्टी इंचार्ज जितेंद्र कुर्रे ने मीडिया से कहा कि पटाखा दुकान के सामने पंडाल लगा है जो विद्युत ट्रांसफार्मर से लगा है. उन्होंने कहा कि मैंने अपने अधिकारी को बता दिया है और यदि घटना घटती है तो हम कंट्रोल नहीं कर पायेंगे. पटाखा व्यापारियों का कहना है कि नीलाम के पूर्व ही जगह बदलने कहा गया था पर नहीं बदला गया. पहले यह दुकान दशहरा मैदान मे लगता था पर इस बार चुनाव के कारण यहां लगाये है. खतरा है पर जोखिम उठाकर काम कर रहे हैं और जो पर्दा लगा है वह धुप से बचने लगाया गया है।

### डीआरजी जवान के हथियार से एक्सीडेंटल फायर

**नारायणपुर 9 नवंबर।** जिले में डीआरजी के एक जवान के हथियार से गुरुवार को एक्सीडेंटल फायर हो गया. इससे जवान घायल हो गया है, जिसका उपचार जारी है. मामला ओरछा थाना इलाके का है. घटना की पुष्टि एएसपी हेमसागर सिदार ने की.

मिली जानकारी के अनुसार, आज ओरछा थाना से डीआरजी की टीम क्षेत्र में सर्चिंग अभियान के लिए निकली हुई थी. इस दौरान टीम के एक जवान के हथियार से अचानक एक्सीडेंटल फायरिंग की घटना हो गई. इससे जवान के उंगलियों में चोट आई है. इसके बाद तत्काल जवान का ओरछा में प्राथमिक उपचार कराया गया. फिलहाल जवान की स्थिति सामान्य है।

## कमलनाथ-दिग्विजय आजकल एक दूसरे के कपड़े फाड़ रहेः मोदी

■ भोपाल 9 नवंबर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से कहा कि आपका एक वोट भाजपा को मध्य प्रदेश में सरकार बनाने, दिल्ली में मोदी को मजबूत करने और राज्य में कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने में मदद करेगा। सतना की रैली में मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने देश में गरीब लोगों को चार करोड़ पक्के मकान मुहैया कराए हैं। मैंने मुफ्त राशन योजना को अगले पांच साल तक बढ़ाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि ये सतना की ही ताकत और सामर्थ्य है कि बंदूक की नली से संगीत के सुर निकलते हैं। विश्व जब संकटों के घेरे में है, चारो तरफ बम-बंदूक की आवाजें सुनाई दे रही है, भारत जैसे देश आज दुनिया में अपने विचार का प्रभाव पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसे समय सतना की धरती से एक ऐसी ज्योति निकलती है जो बंदूक की नली से संगीत के सुर निकालती है। युद्ध की मानसिकता वाले मानव समुदाय को सतना की इस धरती का ये बहुत ही सशक्त संदेश है।



मोदी ने कहा कि एमपी के चुनाव में आपका हर वोट त्रिशक्ति की ताकत से भरा हुआ है। आपका एक वोट यहां फिर से भाजपा की सरकार बनाने जा रहा है। आपका वही वोट दिल्ली में मोदी को मजबूत करेगा। आपका वही वोट, भ्रष्टाचारी कांग्रेस को एमपी की सरकार से सौ कोस दूर रखेगा। यानी एक वोट, तीन कमाल! उन्होंने कहा कि अभी यहां मतदान में इतने दिन बचे हैं, लेकिन उससे पहले ही झूठ का गुब्बारा फुट गया है। कांग्रेस के पास एमपी के विकास का कोई रोडमैप नहीं है। कांग्रेस के थके-हारे चेहरों में एमपी के युवाओं को कोई भविष्य नहीं दिखता। इसलिए एमपी को भाजपा पर भरोसा है। एमपी को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं आजकल जहां भी जाता हूं, वहां अयोध्या में बन रहे प्रभु राम के मंदिर की चर्चा चलती है। पूरे देश में खुशी की लहर है। सौभाग्य से भरे इस पावन कालखंड में मेरे मन में एक बात बार-बार आती है। वो बात मुझे आंदोलित करती रहती है और मुझे तेज गति से दौड़ने की प्रेरणा देती रहती है। वो बात है - राम काज कीन्हें बिनु, मोहि कहां विश्राम... अब रुकना नहीं है, थकना नहीं है। उन्होंने कहा कि हम लोकतंत्र का भव्य मंदिर नया संसद भवन बनते हैं, तो हम 30 हजार पंचायत भवन भी बनाते हैं। मुझे खुशी है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार होने के कारण एमपी उन राज्यों में से एक है जहां गरीबों के लिए लाखों घर बनाए गए। यहां सतना में भी गरीबों को 1.32 लाख घर मिले हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों का घर हो, मुफ्त राशन हो, मुफ्त इलाज हो आज इन पर भाजपा सरकार लाखों करोड़ रुपये खर्च कर रही है अर्थात देश का पैसा गरीबों के काम आ रहा है। लेकिन जब कांग्रेस की सरकार थी, तब देश के लाखों करोड़ रुपये 2% घोटाले, कोयला घोटाले, कॉमनवेल्थ घोटाले और हेलिकॉप्टर घोटाले में जाते थे। मोदी ने ये सारे घोटाले बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने घोटाले भी बंद किए और कांग्रेस के करप्शन काल में जो बिचौलियों की मौज थी, उसको भी बंद करा दिया। भाजपा सरकार ने सरकारी योजनाओं का पैसा गरीबों के बैंक खातों में ट्रांसफर करना शुरू किया। उन्होंने कहा कि एमपी में कांग्रेस ने आपके सामने 2 ऐसे नेता खड़े किए हैं, जो कई दशकों से मध्य प्रदेश कांग्रेस को चलाते हैं।

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**बलौदा बाजार 9 नवंबर।** जिले के सुहेला थाना अंतर्गत ग्राम तिल्दाबांधा में बीते बुधवार को हुई युवक सतनंद यादव की हत्या से गांव में सनसनी फ़ैल गई। गांव के आरोपी मनहरण टंडन द्वारा पुरानी रंजिश की वजह से प्राण घातक हमला कर लकडी छीलने का बसुला से गर्दन के नीचे मार देने से जिला अस्पताल बलौदाबाजार में इलाज से पहले ही युवक मृत हो गया। प्रार्थी रामकुमार यादव पिता सोनूराम यादव उम्र 45 वर्ष साकिन तिल्दाबांधा की सूचना पर थाना सुहेला में अपराध क्र. 209/2023 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर जांच में जुटी है।

घटना 07.11.2023 को शाम करीब 05.30 बजे नहर पुलिया के पास मृतक सतानंद यादव अपने 14 वर्षिय बेटे के साथ बैठा था तथा इसके पास आसपास भी गांव के कई लोग बैठे हुए थे। सांथ ही थोडी दूर में आरोपी मनहरण टंडन भी था, कि तभी अचानक आरोपी मनहरण टंडन अपने हांथ में लकडी छीलने का लोहे का बसुला लेकर आया और पुरानी रंजीश पर से मृतक सतानंद के गर्दन के नीचे बसुला से वार किया, जिससे सतानंद जमीन पर गिर गया। मृतक पर वार करने के पश्चात आरोपी मनहरण टंडन तुरंत मौके से फरार हो गया। इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों एवं मृतक के भाई द्वारा तत्काल वाहन की व्यवस्था कर मृतक सतानंद को जिला अस्पताल बलौदाबाजार लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के पश्चात आरोपी मनहरण फरार हो जाने की तैयारी में था, इस दौरान थाना सुहेला की पुलिस टीम द्वारा आरोपी का पता तलाश कर घटना के 02 घंटे के भीतर ही आरोपी मनहरण टंडन को पकड़ लिया गया।

## संपादकीय

# बिहार सरकार तो एक्सपोज हो गई

कई बार राजनीति में जिसे सबसे ज्यादा फायदा पहुंचाने वाला उपाय माना जाता है पता चलता है कि वह तो नुकसान भी पहुंचा सकता है। मोदी की हिदुत्व की राजनीति के काट के रूप में विपक्ष जाति जनगणना व आरक्षण को कारगर समझ रहा था लेकिन उससे फायदा की जगह नुकसान भी हो सकता है। क्योंकि इससे अगर यह पता चलता है कि आजादी के इतने साल बाद भी यदि राज्य में गरीबी बढ़ी है, आरक्षण होने के बाद भी आरक्षित जातियों का सरकारी नौकरी में प्रतिशत शर्मनाक है तो राज्य सरकार व उन राजनीतिक दलों को फायदा की जगह नुकसान ही होगा जो तीन तीन दशक से सत्ता में है। जनता को सवाल पूछेगी ही कि तुम तीन दशक तक सत्ता में रहे तो क्या किए क्योंकि राज्य के लोगों तथा जातियों को तो तुम्हारे सत्ता में रहने का कोई पायदा नहीं हुआ है। बिहार में नीतीश सरकार ने राज्य में जो जाति व आर्थिक सर्वे करवाया था। उसे विधानसभा में पेश कर दिया गया है तथा नीतीश कुमार सरकार ने राज्य में आरक्षण बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का फैसला किया है।राज्य में दस प्रतिशत आरक्षण को जोड दिया जाए तो बिहार में आरक्षण 76 प्रतिशत हो जाता है। नीतीश कुमार ने कोई ऐसा काम नहीं किया है जिसे पहले किसी सरकार ने नहीं किया है। कई राज्य सरकारो ने आरक्षण पचास प्रतिशत से ज्यादा अपने राजनीतिक लाभ के लिए किया लेकिन वह आरक्षण विधेयक या तो राज्यपाल के पास पेंडिंग पड़ा है या फिर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो सुप्रीम कोर्ट ने पचास प्रतिशति से ज्यादा आरक्षण को खारिज कर दिया है। पचास प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण राज्य सराकारे करने का प्रयास कई बार कर चुकी हैं लेकिन शायद ही कोई सरकार सफल हुई है। अब बिहार सरकार ने राज्य में जाति आर्थिक सर्वे के बाद राज्य में आरक्षण 75 फीसदी करने का फैसला किया है, इसका हश्र में वही होना है जो दूसरे राज्यों में हुआ है। कई लोग इसे बिहार सरकार का मास्टर स्ट्रोक या नीतीश कुमार का मास्टर स्ट्रोक बता रहै है। उनका मानना है कि राज्य में जातियों का आरक्षण बढ़ा देने से वह राज्य में चुनाव जीत सकते हैं। जब लोग जातियों में बंट जाएंगे तो भाजपा को हिदू समाज की एकता के नाम पर जो राजनीतिक फायदो हो रहा था वह नहीं होगा। कई राजनीतकि दल उम्मीद कर रहे है कि जाति जनगणना से राज्य के लोग जातियों में बंट जाएंगे तो पहले की तरह वह जातियों को लाभ का लालीपाप दिखाकर राजनीतिक लाभ आसानी से उठा सकेंगे। वह सोच रहे हैं कि लोगों को जाति में बांट देने से उनको सिर्फ फायदो होगा। वह यह नहीं देख रहे हैं कि जाति आर्थिक सर्वे कराने से कराने वाली सरकार व पार्टी को नुकसान भी हो सकता है। बिहार में जाति सर्वे से क्या पता चला है लोगों को। यह पता चला है कि नीतीश सरकार के तीस साल के शासन के बाद भी वह लोग तो गरीब के गरीब हैं. उनकी गरीबी दूर नहीं हुई है। उनको आरक्षण के अनुपात में सरकारी नौकरी नहीं मिली है। मान लो किसी आरक्षित वर्ग को सरकारी नौकरी में दस प्रतिशत आरक्षण है, उसे सरकारी नौकरी में दस प्रतिशत मिलनी चाहिए। नीतीश कुमार के सर्वे से यह पता चला है कि जितना आरक्षण लोगों को मिलता है, उतने प्रतिशत उनको सरकारी नौकरी नहीं मिलती है।इससे तो साफ हो जाता है कि आरक्षण देने या बढ़ाने से न तो गरीबी दूर होती है और न ही सरकारी नौकरी मिलती है। ऐसे आरक्षण का तो कोई मतलब ही नहीं रह जाता है। आरक्षम का कोई मतलब तो तब है जब समाज के लोगों को जितना आरक्षण मिलता है उतने ही प्रतिशत सरकारी नौकरी भी मिले। आर्थिक सर्वे के सार्वजनिक हो जाने से नीतीश कुमार को आने वाले दिनों में आलोचना का सामाना करना पड़ेगा तथा वह लोग जो संख्या में ज्यादा है, ज्यादा आरक्षण की मांग भी करेंगे? यह मांग आरक्षण तक सीमित नहीं रहेगी। ज्यादा आबादी वाले चुनाव,सरकार में भी ज्यादा हिस्सा मांगेगे। वह तो इस बात का दवाब भी डालेंगे कि हमारे समाज का ही सीएम होना चाहि? यह बात पविारवादियों को पसंद नहीं आएगी।

# गुणात्मक समृद्धि की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस

**पर्व-त्यौहार**

ललित गर्ग



**पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। यही कारण है कि इस दिन बर्तन खरीदे जाते हैं। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, धन संपदा की देवी मां लक्ष्मी धनतेरस के दिन ही समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुईं थीं इसीलिए ऐसा माना जाता है कि इस दिन सोना-चांदी घर लाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है।**

दीपावली से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। यही कारण है कि इस दिन बर्तन खरीदे जाते हैं। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, धन संपदा की देवी मां लक्ष्मी धनतेरस के दिन ही समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुईं थीं इसीलिए ऐसा माना जाता है कि इस दिन सोना-चांदी घर लाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है, घर में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली आती है और अच्छा भाग्य भी घर लाते हैं। सोना खरीदने से बुरी शक्तियां और नकारात्मक ऊर्जा घर से दूर होती है। कई परिवार इस दिन सोना-चांदी खरीदकर अपनी सैकड़ों साल पुरानी परंपरा का पालन करते हुए इस दिन



दिव्यता एवं धन की देवी लक्ष्मी देवी की पूजा करते हैं।

धनतेरस धन की कामना का पर्व है। इस दृष्टि से यह अर्थव्यवस्था का पर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक् एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस तरह इस उत्सव में उपरोक्त तीनों प्रकार से लक्ष्मी की उपासना यानी धन एवं सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं।

हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस 'आयुर्वेद' का दिन भी है, क्योंकि जड़ीबूटियां भी धन हैं। जड़ीबूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था।

भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं। यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जाएगी? ये कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है।

लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली। दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। दूसरे अर्थ में समझिए। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धनवर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ।

हमारी समृद्धि गुणात्मक हो, लेकिन समृद्धि के नाम पर पनप रहा नया नजरिया न केवल घातक है बल्कि मानव अस्तित्व पर खतरे का एक गंभीर संकेत भी है। साम्राज्यवाद की पीठ पर सवार पूंजीवाद ने जहां एक ओर अमीरी को बढ़ाया है तो वहीं दूसरी ओर गरीबी भी बढ़ती गई है। यह अमीरी और गरीबी का फासला कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है जिसके परिणामों के रूप में हम रूस-यूक्रेन, हमास-इजरायल युद्ध की विभीषिकाओं को, आतंकवाद को, सांप्रदायिकता, महंगाई, बेरोजगारी को देख सकते हैं, जिनकी निष्पत्तियां हैं समाज में हिंसा, नफरत, द्वेष, लोभ, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, रिश्ते में दरारें आदि। सर्वाधिक प्रभाव पर्यावरणीय असंतुलन एवं प्रदूषण के रूप में उभरा है। चंद हाथों में सिमटी समृद्धि की वजह से बड़े और तथाकथित संपन्न लोग ही नहीं बल्कि देश का एक बड़ा तबका मानवीयता से शून्य अपसंस्कृति का शिकार हो गया है। अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। आदमी-आदमी से असुरक्षित हो गया। हिंसा, झूठ, चोरी, बलात्कार, संग्रह जैसे निषेधात्मक संस्कारों ने मनुष्य को पकड़ लिया। चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे। नीति और निष्ठा के केंद्र बदलने लगे। आस्था की नींव कमजोर पड़ने लगे।

धन के प्रति हमारा नजरिया विसंगतिपूर्ण है। इस प्रक्रिया में हमारा दीपावली एवं धनतेरस मनाना कहां सार्थक रह पाया है। क्योंकि सारी सामाजिक मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, मर्यादाओं को ताक पर रखकर कैसे भी धन एकत्र कर लेने को सफलता का मानक माने जाने लगा है जिससे राजनीति, साहित्य, कला, धर्म सभी को पैसे की तराजू पर तोला जाने लगा है। इस प्रवृत्ति के बड़े खतरनाक नतीजे सामने आ रहे हैं। समृद्धि की तथाकथित आधुनिक जीवनशैली ने जीवन मूल्यों के प्रति अनास्था को पनपाया है। समृद्धि के बदलते मायने तभी कल्याणकारी बन सकते हैं जब समृद्धि के साथ चरित्र निष्ठा और नैतिकता भी कायम रहे। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि समृद्धि के रूप में प्राप्त साधनों का सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ उपयोग हो। संग्रह के साथ विसर्जन की चेतना जागे। पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो, भोग के साथ संयम भी जरूरी है। भले हमारे पास कार, कोठी और कुर्सी न हो लेकिन चारित्रिक गुणों की काबिलियत अवश्य हो क्योंकि इसी काबिलियत के बल पर हम अपने आपको महाशक्तिशाली बना सकेगे, तभी हमारा धनतेरस मनाना सार्थक होगा।

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने को सफलता पाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है ।काम अधिक होने से आज आपको भाग - दौड़ करनी पड़ेगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज किसी नये प्रोजक्ट से आपको अधिक लाभ हो सकता है। आज आपके बिजनेस में एक नया मोड़ आएगा।

**वृष राशि-**आज आपका दिन ठीक रहेगा।किसी जरूरी काम की योजना पहले ही बना लेंगे तो काम आसानी से पूरा हो जाएगा। परिवार में आज किसी सदस्य को अच्छी सफलता मिलेगी। नवविवाहित आज जीवनसाथी के साथ मूवी को देखने का प्लान बनायेंगे... रिश्ते में मजबूती आएगी। मंनोरंजन पर आज अधिक पैसे खर्च होने वाले हैं।

**मिथुन राशि-**आज आपका दिन बढ़िया रहेगा।परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा।आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। बिजनेसमैन के लिए नया बिजनेस स्टार्ट करने के लिए आज का दिन शुभ है।

**कर्क राशि-**आज आपके लिए दिन अच्छा रहने वाला है।बिजनेस साझेदार के साथ किसी विदेश की यात्रा का योग बन रहा है।आज आपकी मुलाकात किसी प्रभावशाली व्यक्ति से होगी, जो आपके रुके हुये कार्यो को पूरा करने में मददगार साबित होगा।आप पॉजिटिव थिंकिंग रखेंगे, तो अच्छे से अपने कामों को पूरा करने में सफल रहेंगे।ऑफिस के कार्यो में अधिकारियों से मार्गदर्शन मिलता रहेगा। आज आपके बिजनेस मे तरक्की होगी।आज आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा।

**सिंह राशि-**आज आपका दिन लकी रहेगा।कुछ कार्यो में कम मेहनत से ही ज्यादा लाभ होने वाला है। ऑफिस में कोई नया काम भी सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे।आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आप खुश होंगे।आर्किटेक्ट और इन्जीनियरिंग के लिए आज सफलता भरा दिन है।

**कन्या राशि-**आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। अपने परिवार के साथ शाम का समय बिताये उनको अच्छा लगेगा।सोचे हुए काम आज खुद के दम पर पूरा करने में सफल होंगे।कई मामलों पर आपके पास कुछ नए और अच्छे विचार होंगे। इस राशि की महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है।

**तुला राशि-**आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है। कॉलेज में आज आपकी अच्छे एक्टीविटी की वजह से टीचर्स आपसे खुश रहेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। किसी बुजुर्ग की राय आपके रिश्ते में चल रही अनबन को दूर कर देगी। आज कोई कठिन काम भी शुरू कर सकते हैं इसमें सफल होने पर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपको पैसों के मामले में समझदारी से फैसले करने होंगे।

**वृश्चिक राशि-**आज आपका दिन फायदा दिलाने वाला रहेगा।समय आपके फेवर में होने के कारण मन खुश रहेगा। नौकरी या बिजनेस में फायदे के एक से अधिक मौके मिलेंगे।काम काज की गति में बढ़ोतरी होगी। आज किसी दूसरे स्टेट में बिजनेस करने के लिए... आपकी यात्रा के योग बन रहे है। विद्यार्थियों को स्वयं की मेहनत पर भरोसा रखना चाहिए, सफलता के अच्छे योग बन रहे हैं। जीवनसाथी आज घर के जरुरत का कोई सामान उपहार दे सकते है।

**धनु राशि-**आज आपका दिन आत्मविश्वास से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आज आप कोई मीटिंग अटेंड करेंगे। छोटे भाई बहनों की ओर से आपको कोई छोटा सरप्राइज मिल सकता है आपके रिश्ते में मधुरता आयेगी। किसी भी चीज में निवेश करने से पहले अच्छे से सोच विचार कर लें, साथ ही किसी एक्सपर्ट की रॉय जरुर ले लें।

**मकर राशि-**आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं, ऐसे ही आपको आगे बढने के नए मौके मिलेंगे। बिजनेस में योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर आपको फायदा होगा। स्पोर्ट्स क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं आज प्रैक्टिस में शानदार प्रदर्शन करेंगी। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ राशि-**आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा।किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट तरीके अपनाने से बचें इस राशि के बिजनेसमैन के बिजनेस में बढ़ोतरी होगी।माताएं बच्चो को मोरल स्टोरी सुनाएंगी।क्रिएटिव कामों में मन लगाएंगे और कुछ क्रिएटिव 2श्हड्ढ करने का प्रयास करेंगे। अविवाहित लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। इस राशि के इंजीनियरों को कार्य स्थल पर कुछनये बदलाव का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन राशि-**आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा।ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा ..साथ ही कलीग आपके काम में हेल्प करेंगे।आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें। आपके परिवार में नन्हें मेहमान के आने का योग बन रहा है।आज आपके परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा। आर्थिक रूप से आ रही कठिनाइयों से आपको निजात मिलेगी।स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा।

## व्यंग्य

# तलवाचाटु चमचों की जय हो!

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

आज के समय में हर दूसरा आदमी व्यक्ति चमचा बनना चाहता है, क्योंकि लोगों की यह सोच होती है कि चमचे ईमानदारों और सच बोलने वालों से ज्यादा सम्मान के काबिल और काम निकालूँ होते हैं। चमचा कलछुल की तरह मेहनत की कालिख पोतने से अधिक कीमती चीजों की चमक से खुद को गोरा चिकना रखना चाहता है। यही कारण हर दूसरा व्यक्ति चमचा बनने की चाह रखता है।

चमचे की जिंदगी गरीबों की तुलना में बहुत अलग होती हैं, गरीब जहां खाने के लिए तरसते रहते हैं वही चमचे महंगे-महंगे व्यंजन छकते हैं। चमचों के बड़े-बड़े घर होते हैं तथा अपनी चाहत के अनुसार कुछ भी खरीद सकते हैं और कहीं भी जा सकते हैं। चमचों को लगभग सभी लोग सम्मान देते हैं जबकि गरीब को सम्मान नहीं दिया जाता यह बहुत बड़ा कारण है जिससे लोग चमचा बनने की चाह रखते हैं।

चमचों के पास धन बहुत अधिक मात्रा में होता है और वे उस धन का प्रयोग अपने दिखावे के अनुसार अपनी अनोखी स्टाइल में प्रयोग करता है। अमूमन हर दूसरा चमचा अपने जीवन शैली का विकास करता है और अपने आकाओं की थाली से माल उड़ाकर खुद आका बनने का प्रयास करता है। चमचे आलीशान बंगला बनाते हैं तथा महंगी कार, ब्रांडेड कपड़े, जूते, स्वर्ण आभूषण आदि सभी की खरीदारी करते हैं तथा अपने जीवन को एक अलग तरीके से जीते हैं। चमचे बड़ी-बड़ी शादी पार्टी में जाना तथा महंगे स्थानों पर घूमना भी पसंद करते हैं ।

कुछ चमचे अपने जीवन शैली में जितना भी धन कमा लें, लेकिन फिर भी गरीबों का खून चूसे बिना अपना हाजमा ठीक नहीं कर पाते हैं। हमारी दुनिया का सबसे बड़े चमचे का नाम तलवाचाटु है। इनके कहने के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को अच्छी तरह से तलवे चाटने की कला आनी चाहिए और इससे बिगड़ने वाले काम भी बनने लगते हैं। चमचे अपने बच्चों को बहुत बड़े-बड़े स्कूल, कॉलेज में शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजते हैं और उन्हें अपने सपने साकार करने में चमचालॉजी की शिक्षा ग्रहण करने की सीख देते हैं। चमचों की शिक्षा एडवांस



लेवल की होती है, वैसे तो शिक्षा अमीर और गरीब दोनों के लिए समान होती है लेकिन चमचे खुद में शिक्षा संस्थान होते हैं। ऐसे शिक्षण संस्थानों में गरीब, ईमानदार और आदर्शवान अपने बच्चों को नहीं पढ़ा पाते हैं।

चमचे तो चमचे हैं, उनके सामने आम क्या और खास क्या। जब पेशी है तो है, नखरों की गुंजाइश चमचों की अदालत में नहीं होगी तो कहाँ होगी। वैसे किसी खास को जब पेश होना पड़ता है तो वह सिर हिलाऊ की 'तरह' ही पेश होता है। आजकल खीजे हुए पुलिस वालों का कोई भरोसा नहीं, वे अपनी वाली पर आ जाएं और किसी खास को नहीं पहचानें । इसलिए चमचे होना किसी मायने में सुरक्षित होना भी है, हाथ जोड़ो और निकल्हो चुपचाप। आपने देखा होगा कि ऐरे-गैरे और चोर उचक्के पेश होते वक्त विक्ट्री की दो अंगुलियां दिखाते हैं, मुस्कराते हैं, जिससे अक्सर लोगों को उनके खास आदमी होने का भ्रम होता है। ऐसे में खास आदमी की तरह पेश होना जोखिम भरा भी है। इधर खास आदमी जब चमचा बनता है तो अपनी तलवाचाटु कला सबमें बांट देता है।

## दीपोत्सव विशेष

# बहुत कुछ कहता है मिट्टी का दिया

**विजय मिश्रा 'अमित'**

सतयुग से दीपपर्व मनाने की परम्परा आरंभ हुई थी,वह सतत चली आ रही है।इस पांच दिवसीय महापर्व में क्रमशः धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज का त्योहार शामिल है। भारत सहित श्री लंका,नेपाल,थाईलैंड, भूटान,मारिशस,फिजी, इंडोनेशिया,अफ्रीका,बर्मा, सूरीनाम आदि देशों में भी इस महापर्व को धूमधाम से मनाया जाता है।

इस पर्व के दौरान मिट्टी से निर्मित दिया जलाने की प्राचीनतम प्रथा प्रचलित है।कार्तिक अमावस्या की रात महापर्व दीपावली में सर्वाधिक मात्रा में प्रज्जवलित मिट्टी का छोटा सा दिया मानवीय मूल्यों को बनाए रखने का बड़ा संदेश देता है।यह सर्वविदित है कि मिट्टी से निर्मित वस्तुओं का जन्मजात नाता मनुष्य से जुड़ा होता है।अत्याधुनिक युग आने के बावजूद मिट्टी से निर्मित सुराही के पानी का स्वाद मंहगे फ्रिज का ठंडा पानी नहीं दे पाता।

ग्रीष्म काल के आते ही जैसे मिट्टी से निर्मित मटके की मांग बढ़ जाती है। उसी तरह दीपावली पर्व में मिट्टी के दीये की पूछ परख बढ़ जाती है। इसके बिना दीपावली मनाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती।विविध किस्म के रंग-बिरंगे बिजली चलित झालर और खूबसूरत आकार लिए मोमबत्ती बाजार में उपलब्ध हैं,पर मिट्टी के दीये के बिना इस पर्व की दशा बिन पानी की नदिया जैसी होगी।

बालपन की बातें याद आती है ,जब दशहरा दिवाली की छुट्टी होती थी तो एक दिन गंवाए बिना ननिहाल के लिए रवाना हो जाते थे। वहां घरों की साफ सफाई, लिपाई पुताई में हम जुट जाते थे।नानी जी मिट्टी के दिये खरीद कर उन्हें पानी में डूबा कर रख देती थीं। वे बताती थी कि दिया अधिक पानी सोख लेगा तो तेल कम सोखेगा।आज उनकी बातें ज्यादा अच्छे ढंग से समझ में आती हैं।

वे यह भी कहती थीं कि दूसरों के जीवन को प्रकाशित करने वाले दिया तले अंधेरा ही होता है,किन्तु इससे व्यथित हुए बिना वह अपने जीवन के उद्देश्य को पूरा करने में तल्लीन रहता है। परोपकार की सीख को संचारित करता हुआ दिया सतत दूसरों के लिए जलता है। इंसानों की तरह वह दूसरों से नहीं जलता है। मनुष्य के भीतर सब कुछ बटोर लेने की बढ़ती लिप्सा के बीच बटोरने के बजाय बांटने की सीख नन्हा दिया देता है।

दीवाली को कुम्हारों के गर्व,प्रतिभा और प्रतिष्ठा का पर्व भी कह सकते हैं।कुम्हारों की मिट्टी शिल्प कला का शानदार प्रदर्शन दिवाली की रात दीपमालिका बने दीये प्रदर्शित करते हैं। दीये बनाने की कारीगरी में दक्ष कुम्हारों का यह पुश्तैनी धंधा है। मिट्टी के दिए,सुराही,मटके, खिलौने,गमले बनाने के अलावा विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाकर बाजार में बेचना ही उनके जीविकोपार्जन का प्रमुख आधार है।

सुखी मिट्टी को बारीक कूट- पीटकर उसे पानी में भिगोना,गुंथना और फिर उससे कोई भी वस्तु बना देना कुम्हारों के लिए खेल की तरह होता है।

यद्यपि बदलते वक्त के साथ कुम्हार समुदाय की जिंदगी में भी भारी उलटफेर हुए हैं।बदलाव की बयार ने इनकी जिंदगी से मिट्टी शिल्प कला के रिश्ता को धीरे धीरे तोड़ना भी आरंभ कर दिया है। दरअसल अन्य सामग्रियों की तरह कुम्हारों के व्यवसाय में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों के दाम आसमान को छू रहे हैं। कोयला,भूसा,माटी, पानी की महगाई के साथ साथ आधुनिक बाजार के बने सस्ते सामानों ने इनके व्यवसाय को बुरी तरह से प्रभावित किया है।पसीना बहाते,रात दिन मेहनत करके बनाए समानों की लागत को ग्राहकों से निकाल पाना इनके लिए बड़ा सिरदर्द बनता जा रहा है,फलस्वरूप अब



कुम्हार समुदाय के बहुत से परिवारों ने माटी से नाता तोड़कर अन्य व्यवसाय से नाता जोड़ लिया है।

कुम्हार समुदाय का मिट्टी के मोह से परे जाना एक गंभीर चिंता का विषय है। मिट्टी शिल्प कला से दूर होना पर्व,परंपरा,संस्कृति सहित पुश्तैनी धंधे को विलुप्त करने की राह पर ढकेलने जैसा घातक कदम है। साथ ही जड़ से जुड़ने के बजाय टूटने का भयावह संकेत है।

मिट्टी का दिया मनुष्य को माटी और उसकी सोंधी सुगंध से जोड़ कर रखता है। जानबूझकर इससे अनजान बना इंसान आधुनिकता की आड़ में पुराने रीति-रिवाजों से दूर होता चला जा रहा है। गांव शहर में तब्दील हो रहे हैं। पवित्र मन का मालिक ग्रामीण भी अब स्वयं को शहरी चकाचौंध तड़क भड़क रंग में रंगकर झूठी शान की चादर ओढ़ने में गर्व का अनुभव कर रहा है।

ऐसे संक्रमण काल में मिट्टी का दिया और बिजली चलित झालर के बीच हो रहे संवाद की याद सहज हो आती है,जो कि इस तरह है - दिवाली की रात मिट्टी के दिये और झालर में तू तू मैं मैं की बहस चल रही थी।झालर ने कहा- सुन रे दिया, नए जमाने में तेरी पूछ परख लगातार कम हो रही है। तेरा ठिकाना केवल गांव गरीब की झोपड़ी तक सिमट कर रह गया है। मेरी जगह महलों और गगनछूती इमारतों के बीच में है।

यह सुनकर हल्की मुस्कान के साथ दिया ने कहा -हां वो तो ठीक है, पर पूजा की थाली में तुम्हें नहीं मुझे ही जगह मिलती है। झालर भाई ज्यादा घमंड मत करो। घमंडी-अहंकारी का सिर नीचे और पराजय सुनिश्चित है। हमारे विद्वानों का कहना है कि 'अंहकार'में तीन गए 'धन,वैभव और वंश,न मानो तो देख लो कौरव,रावण और कंस'।

दिया की ऐसी बातों का मनन करते हुए यह भी नहीं भूलना चाहिए कि मिट्टी का एक दिया आंधी तूफान से जूझते हुए भी अपने कर्तव्य से विमुख नहीं होता। घोर अंधकार को चीरते हुए वह बताता है - मानव निर्मित माटी का दिया सारी रात अंधेरे से लड़ता है। हे मानव, तू तो ईश्वर का बनाया हुआ है तू किस बात से डरता है।

एक नजर

### स्ट्रॉंग रूम में मतदान सामग्री को किया गया सील



**जगदलपुर, 9 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान सम्पन्न होने के पश्चात इव्हीएम, बैलेट यूनिट और व्हीव्हीपेट सहित अन्य मतदान सामग्रियों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और तीनों प्रेक्षक श्री सुब्रत गुप्ता, श्री आरएच ठाकरे, श्री सुदेश कुमार मोखटा और जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. की उपस्थिति में शासकीय आदर्श महाविद्यालय में स्थित स्ट्रांग रूम में सीलिंग की कार्यवाही की गई।मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराने के उपरांत सभी मतदान दल रात्रि 12 बजे तक वापस जगदलपुर पहुंच गए थे, मतदान सामग्री जमा करने की प्रक्रिया देर रात तक चलती रही। विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर की मतदान सामग्री को प्रातः नारायणपुर जिले के लिए रवाना किया गया। इसी प्रकार सुकमा जिले से जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मत पेटियां प्राप्त होने पर मौका मिलान कर सीलिंग की कार्यवाही को किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र मीणा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी श्री नंद कुमार चैबे, ओम प्रकाश वर्मा, भरत कौशिक, वरिष्ठ कौषालय अधिकारी संजय सोनवानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### निर्विघ्न चुनाव के लिए प्रेक्षकों का चुनाव आयोग ने माना आभार



**जगदलपुर,9 नवम्बर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री सुब्रत गुप्ता, श्री आरएच ठाकरे, श्री सुदेश कुमार मोखटा को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने स्मृति चिन्ह भेंटकर निर्विघ्न निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र मीणा, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी श्री नंद कुमार चैबे, ओम प्रकाश वर्मा, भरत कौशिक उपस्थित थे।

### कोरबा में निकाली स्वीप बाइक रैली

**कोरबा ,9 नवंबर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार और स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में कोरबा के मतदाताओ द्वारा अपने-अपने मोटर सायकल में जागरूकता संदेश लेकर बाइक में बैनर पोस्टर लेक्स लगाकर शहर के सीतामणी गौमाता चैक बस स्टैंड, पॉवर हाउस रोड, टीपी नगर, बुधवारी, निहारिका, कोसाबाड़ी होकर पीजी कॉलेज तक बाइक रैली निकाला गया

# जंगल से भटककर शहर के राधा-कृष्ण मंदिर कंपाउंड में आ घुसा हिरण

- चार घंटे के बाद हिरण को वनकर्मियों ने सुरक्षित वापस जंगल लौटाया
- पहले भी कई मतर्बा हिरणें जंगल से भटकर शहर में आ चुके हैं



**दंतेवाड़ा 9 नवंबर।** बीती शाम जंगल से भटककर एक हिरण नगर के राधा कृष्ण मंदिर में जा घुसा। हिरण के मंदिर में घुसने की सूचना मंदिर के कर्मचारियों द्वारा वन विभाग को दी गई जिसके बाद वन अधिकारियों ने मौके पर पहुंच मंदिर परिसर के कंपाउंड को अपने घेरे में ले लिया। कई घंटे के इंतजार के बाद हिरण कंपाउण्ड से बाहर निकला और कुलांचे मारते हुए जंगल की ओर भाग खड़ा हुआ। इस दौरान हिरण की एक झलक पाने लोगों की राधा कृष्ण मंदिर के सामने भीड़ भी जुटी थी लेकिन वनकर्मियों ने लोगों को हिरण की सुरक्षा के दृष्टिकोण से लोगों को वहां से हटा दिया।

बुधवार शाम करीब 6 बजे एक बड़ा सा हिरण हाईस्कूल मैदान के उस पार सागौन के जंगल के भीतर से भटककर भागते भागते अस्पताल परिसर में बने मालती देवी सेवा-आश्रम व राधा कृष्ण मंदिर के कंपाउंड के भीतर घुस आया और आश्रम के बने कक्ष में जाकर एक कोने में दुबककर चुपचाप खड़ा हो गया। अचानक से हिरण को मंदिर के कंपाउण्ड परिसर के कमरे में घुसता देख वहां के कर्मचारी भी अचरज में पड़ गए। हिरण कंपाउंड के कमरे के भीतर जाकर एक कोने में खड़ा हो गया । कर्मचारियों ने फौरन हिरण के आने की सूचना सेवा आश्रम के संचालक ननकू साहू एवं वनकर्मियों को दी। जिसके फौरन बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी आर आर मौर्य तथा डिप्टी रेंजर सोहनलाल वर्मा अपनी टीम के साथ राधा कृष्ण मंदिर स्थल पहुंचे और मौके की नजाकत को देखते हुए मंदिर के सभी लाईटों को बंद करवा दिया और परिसर के आसपास जमा हुए लोगों को वहां से हटाया। पूरे मंदिर परिसर की घेराबंदी कर करीब चार घंटे तक वनकर्मियों ने हिरण के बाहर आने का इंतजार किया जिसके बाद रात 10 बजे हिरण धीरे धीरे कदमों से कमरे से बाहर आया और कंपाउण्ड से बाहर निकलकर अस्पताल रोड को क्रॉस कर कुंलाचे मारते हुए तेजी से सागौन जंगल की ओर भाग निकला। हिरण के बाहर आने के दौरान उसे वहां मौजुद लोगों ने देखा और बताया कि हिरण काफी बड़ा एवं सुंदर था संभवतः वह मादा हिरण थी। डिप्टी रेंजर सोहनलाल वर्मा ने बताया कि ऐसी संभावना है कि जंगल से भटककर शहर के सरहद पर पहुंचा हिरण को कुत्तों ने दौड़ाया होगा जिससे वह अपनी जान बचाने भागता हुआ मंदिर कंपाउण्ड के भीतर घुस आया हो।

हिरण काफी डरा हुआ था। वैसे भी हिरणें काफी नाजुक होते हैं डर से उनकी धडकने तेज धडकने लगती है ऐसे में हिरण के सामने जाने से या उसे निकालने की कोशिश करने से डर से उसकी मौत भी हो सकती थी इसलिए हम लोगों ने सुझबूझ के साथ हिरण को उसकी मर्जी के हिसाब से ही बाहर निकालना उचित समझा। हिरण की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता थी। अस्पताल रोड को क्रास करते वक्त कोई भी वाहन सड़क पर न आए इसका भी हम लोगों ने बखूबी ध्यान रखा। चार घंटे का समय अवश्य लगा उसे बाहर आने में लेकिन इस बात का सुकून है कि हिरण सुरक्षित बाहर निकला और जंगल की ओर चला गया।

## गिरदावरी में घटाया गया धान का रकबा सुधारा जाए:ननकीराम कंवर

**कोरबा, 9 नवंबर ।** जिले के कद्दावर आदिवासी नेता और रामपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक ननकीराम कंवर ने गिरदावरी के नाम पर किसानों के धान का रकबा घटाने की ओर कलेक्टर कोरबा का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गिरदावरी रिकार्ड में सुधार करने की मांग कलेक्टर से की है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान कृषि वर्ष में सभी किसानों के धान की फ सल का रकबा गिरदावरी की आड़ में कम कर दिया गया है। किसानों के बार बार अनुरोध करने के बाद भी पटवारियों ने गिरदावरी रिकार्ड में सुधार नहीं किया है। राजस्व विभाग के उ'च अधिकारी भी किसानों की कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। विधायक श्री कंवर ने कलेक्टर कोरबा से किसानों की समस्या को संज्ञान में लेकर त्वरित निराकरण की मांग की है।

भाजपा विधायक कंवर ने यह भी कहा है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर सभी किसानों को उनके धान उत्पादन के वास्तविक रकबा के आधार पर समर्थन मूल्य से धान की खरीदी की जाएगी। पटवारियों द्वारा की गई गिरदावरी को धान खरीदी का आधार नहीं मन जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव को देखते हुए पहले तो कांग्रेस सरकार ने जानबूझ कर किसानों के धान की फसल का रकबा कम करा दिया और अब समर्थन मूल्य बढ़ाने का दिखावा कर रही है।

श्री कंवर ने कहा है कि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में ×6 वादे किए थे जिनमें से उप मु यमंत्री टी एस सिंहदेव ने खुद स्वीकार किया है कि केवल 12 वायदे पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा है कि 24 वायदे पूरे ही नहीं किये गए हैं। 12 वायदे भी आधे अधूरे अमल में लाये गए हैं।

## 80 प्लस बुजुर्ग, दिव्यांगों ने घर में किया मतदान

**कोरबा , 9 नवंबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में जिले में विधानसभा निर्वाचन की व्यापक तैयारियां है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो और दिव्यांग मतदाताओं (पीडब्ल्यूडी) को घर बैठे मतदान की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इसी कड़ी में आज रामपुर और पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं में मतदान दलों की उपस्थिति में घर पर भी मतदान करके लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दी। 10 नवंबर को विधानसभा कटघोरा तथा कोरबा क्षेत्र में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। होम वोटिंग की प्रक्रिया के दौरान अ यर्थी व अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। होम वोटिंग से पूर्व मतदान दल के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान कराने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रारूप 12 (घ) में आवेदन करने वाले अनुपस्थित श्रेणी के अंतर्गत मतदाताओं ने सहमति दी है। गठित दल द्वारा चिन्हित मतदाताओं के घर पहुंचकर पूर्ण पारदर्शी प्रक्रिया के तहत मतदान की कार्यवाही संपन्न कराएंगे।

## छत्तीसगढ़ अबुझमाड़ मलखंभ अकादमी के प्रतिभागियों का नगर में हुआ शानदार स्वागत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**चारामा,9 नवंबर ।** इंडियाज गॉट टैलेंट के विजेता छत्तीसगढ़ अबुझमाड़ मलखंभ अकादमी नारायणपुर बस्तर÷ के प्रतिभागियों का आज बस्तर के प्रवेशद्वार में भव्य स्वागत किया गया । सोनी इंटरटेनमेंट चैनल के टैलेंट रियलिटी शो ÷इंडियाज गॉट टैलेंट÷ के सीजन 10 के विजेता ÷छत्तीसगढ़ की अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी÷ के धुरंधरों ने आइजीटी की ट्रॉफी अपने नाम की हैं। ट्रॉफी के साथ अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी की टीम को इनाम के तौर पर 20 लाख रुपये की राशि भी मिली हैं। अबूझमाड़ मलखंभ एकेडमी के साथ-साथ नागालैंड महिला बैंड, जीरो डिग्री, रागा फ्यूज़न, गोल्डन गर्ल्स और द आर्ट जैसे कई परफार्मिंग ग्रुप इस शो में शामिल थे। लेकिन ÷छत्तीसगढ़ अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी÷ को जनता के सबसे ज्यादा वोट्स मिले और वे 10 वें सीजन के विजेता बने हैं। विजेताओं की घर वापसी पर छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ब्लाक चारामा के सभी पदाधिकारियों, जंगो रायतार अंग्रेजी मध्यम के छोटे बच्चों व शिक्षकों तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा के समस्त छात्राओं व प्राचार्य महोदय के नेतृत्व में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा पोटाई चौक चारामा में आतिशबाज़ी के साथ भव्य स्वागत किया गया। सभी प्रतिभागियों ने स्वागत से गदगद होकर, समर्थन के लिए आभार भी व्यक्त किया। स्वागत् कार्यक्रम में शासकीय कन्या शाला चारामा के समस्त स्टाफ एवं छात्राएं , जंगो रायतार अंग्रेजी मध्यम स्कूल के समस्त स्टाफ एवं छात्र- छात्राओं सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।

### शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए कलेक्टर ने माना आभार

**दंतेवाड़ा,9 नवंबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत 07 नवम्बर को सफलतापूर्वक शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र निष्पक्ष और निर्विघ्न संपन्न हुए, मतदान को लेकर पुलिस तथा सुरक्षा बल के अधिकारियों-जवानों सहित इस चुनौतीपूर्ण कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, मतदान दलों, मीडिया प्रतिनिधियों और मतदाताओं के अलावा प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से अपनी सहभागिता निभाने वाले सभी लोगों को हार्दिक धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इस बारे में सभी के आभार व्यक्त करते कहा है, कि शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र निष्पक्ष और निर्विघ्न मतदान के पश्चात मतदान दलों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने में भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह सुनियोजित तरीके से काम किया। सुरक्षा बलों की रणनीतिक तैनाती और तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान दलों की सुरक्षित एवं सुगम वापसी सुनिश्चित हो सकी। इस दिशा में मतदान प्रक्रिया में लगे पुलिस एवं सुरक्षा बलों और मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा नोडल अधिकारियों आदि ने अहम भूमिका निभायी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार ने इस हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में पुनः सहयोग की अपेक्षा की है।

### ऑब्जर्वर, पुलिर्स एवं वाहनचालक भी डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान

**कोरबा , 9 नवंबर ।** मतदान दल में शामिल माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिस कर्मी एवं वाहन चालकों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था प्रशिक्षण स्थल में की गई है। वे 11 और 14 नवंबर को शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज कोरबा, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा के प्रशिक्षण स्थल में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। अपर कलेक्टर ने बताया कि प्रशिक्षण स्थल में विधानसभा क्षेत्र रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार के अ यर्थियों तथा राजनीतिक दलों के अध्यक्ष व प्रतिनिधि भी अपनी उपस्थिति दे सकते हैं।इसके साथ ही ऐसे अधिकारी कर्मचारी जो कि कोरबा जिले के निवासी हैं और कोरबा जिले से बाहर कार्यरत् हैं तथा जिनकी मतदान कार्यों में ड्यूटी लगाई गई है एवं जिन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से डाक मतपत्र हेतु आवेदन किया है वे 11 और 14 नवंबर को शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज में उपस्थित होकर मतदान कर सकते हैं।

### प्रेक्षक और पुलिस आब्जर्वर ने किया मतदान केंद्र,थाने का निरीक्षण

**कोरबा , 9 नवंबर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 202× हेतु कोरबा और रामपुर के लिए नियुक्त प्रेक्षक प्रियतु मंडल और पुलिस आब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी ने ग्राम गोढ़ी में प्राथमिक शाला भवन मतदान केंद्र क्रमांक 8×-84, ग्राम करमंदी में मतदान केंद्र क्रमांक 82, नोनबिर्रा में मतदान केंद्र 250-251, प्राथमिक शाला कोटमेर में मतदान केंद्र क्रमांक 117, स्वामी आत्मानंद कन्या अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करतला के मतदान केंद्र क्रमांक 115, डीएव्ही मु यमंत्री पब्लिक स्कूल बड़मार के मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

# जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक रहा मतदान प्रतिशत

**कांकेर, 9 नवंबर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत् मंगलवार 07 नवम्बर को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 727 मतदान केंद्रों में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बार हुए मतदान ने यह सिद्ध कर दिया है कि आदिवासी क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार को लेकर काफी जागरूक हो चुके हैं। जिले में स्थापित किए गए आदर्श मतदान केन्द्र, संगवारी पोलिंग बूथ, बिटिया हेल्प डेस्क, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित किए गए मतदान केन्द्रों में वोट डालने मतदाताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। 07 नवम्बर को सुबह 06 बजे से ही कतार में लगकर मतदाताओं ने वोट डाला, जो कि देर शाम तक चलता रहा। यहां तक कि यह स्थिति रही कि कुछ बूथों में मतदान शुरू होने के चार घंटे के भीतर ही 90 प्रतिशत या उससे अधिक वोट डाले गए।

### स्वतंत्रता के बाद पहली बार खुद के गांव में मतदाताओं ने किया वोट

कांकेर के नए मतदान केन्द्रों 96, तो भानुप्रतापपुर के केन्द्रों में 89 फीसदी से ज्यादा वोट पड़े मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 32 नवीन मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थापित नवीन मतदान केन्द्र हरनपुरी में 89.16 प्रतिशत, हावरकोंदल में 87.87 प्रतिशत, कनकपुर में 86.78, बैजनपुरी-2 में 86.47, आमागढ़ में 85.14, बोटेचांग में 81.80, चारामा-9 में 73.31, चौगेल संजयपारा में 72.70 वोटिंग प्रतिशत रहा। इसी तरह भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के कोरर-1 मतदान केन्द्र को युवा प्रबंधन केन्द्र के तौर पर विकसित किया गया था। यहां पिछले आम निर्वाचन से 0.84 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह दिव्यांगों के लिए बनाए गए मतदान केन्द्र तारसगांव में 2.83 प्रतिशत वोट की वृद्धि दर्ज की गई।

इसी तरह कांकेर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-81 में 15 ऐसे पोलिंग स्टेंशन है, जहां के मतदाताओं ने लोकतंत्र पर आशा रखते हुए वोट किया। कुछ केन्द्र ऐसे हैं, जहां पर 96 प्रतिशत से भी अधिक वोट पड़े। ऐसा ही एक मतदान केन्द्र महेशपुर में 96.09 प्रतिशत वोटरों ने वोट किया। इसी तरह पर्थीनाला में 92.20 प्रतिशत, साल्हेभाट में 91.90, बोरगांव में 91.34, मलांजकुडूम में 91.24 रावस में 91.13, तुलतुली में 90.75, चिवरांज में 90.45, छिन्दखड़क में 90.36, झूलनातेंदु में 90.30, खल्लारी में 90.08, गोवर्धन में 89.20, बिहावापारा में 87.070, सिंगारवाही में 86.40 तथा घोटिया में 85.57 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार सभी 15 नवीन मतदान केन्द्रों में 85 से 96 प्रतिशत के बीच ऐतिहासिक मतदान हुआ।

अंतागढ़ के इन केन्द्रों में हुआ 2018 की तुलना में अधिक मतदान- इसी तरह इस वर्ष अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 05 ऐसे मतदान केन्द्र जिनमें सर्वाधिक मतदान हुआ इनमें मेण्ड्रा में वर्ष 2018 में 10.14 मतदान हुआ था, जहां इस वर्ष 87 प्रतिशत मतदान हुआ। इस प्रकार यहां 76.86 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी तरह गट्टाकाल में 2018 में 0.45 प्रतिशत मतदान हुआ तथा इस साल 51.32, कामटेड़ा में 2018 में 2.49 प्रतिशत की तुलना में 2023 में 53.26 प्रतिशत अर्थात् 50.77 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केसेकोड़ी में 2018 में 0.44 प्रतिशत तथा वर्ष 2023 में 46.29 मतदान हुआ, जो कि 45.85 की बढ़ोत्तरी है। इसी प्रकार आतुरबेड़ा में 2018 में 49.40 और वर्तमान में 79.62 प्रतिशत, इस प्रकार 30.23 प्रतिशत की बढ़ोत्तर दर्ज हुई है।

### संगवारी मतदान केन्द्रों में पिछले निर्वाचन से 18 प्रतिशत से अधिक वोट पड़े

संगवारी मतदान केन्द्रों में भी पिछले निर्वाचन से इस बार अधिक मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था जताई। इन केन्द्रों में 02 से 18 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान केन्द्र भानुप्रतापपुर-3 में वर्ष 2018 में 52.11 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि इस वर्ष 70.41 प्रतिशत वोटरों ने वोट किया। इस तरह 2023 में 18.30 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ। चारामा-8 में वर्ष 2018 में 71.78 प्रतिशत वोट पड़ा, जबकि इस बार 86.39 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार 14.62 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। इसी तरह कर्रामाड़ में 9.18, खुटगांव में 9.64, चिनौरी-2 में 3.75, धनगुडरा में 2.91, पंडरपुरी में 2.58 प्रतिशत की वृद्धि पिछले चुनाव के मुकाबले में दर्ज की गई। कांकेर विधानसभा क्षेत्र के संगवारी मतदान केन्द्र अंतर्गत वर्ष 2018 में नंदनमारा में 85.74 प्रतिशत मतदान हुआ था, वहीं 2023 में 88.39 प्रतिशत हुआ है। इसी प्रकार जनकपुर वार्ड में 76.16 से बढ़कर 83.18, मरकाटोला में 78.90 से बढ़कर 82.90, मुड़पार दखनी में 77.14 से बढ़कर 82.83, सरंगपाल में 73.47 से बढ़कर 82.19, नरहरपुर में 68.96 से बढ़कर 71 और माहुरबंद पारा में 68.24 से बढ़कर 70.40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### आदर्श मतदान केन्द्रों में भी वोटिंग का प्रतिशत बढ़ा

भानुप्रतापपुर के आदर्श मतदान केन्द्र भानुप्रतापपुर-3 में 18.3 प्रतिशत, चारामा-8 में 14.62 प्रतिशत और खुटगांव स्थित आदर्श मतदान केन्द्र में 9.64 प्रतिशत वोट पड़ा। कांकेर विधानसभा क्षेत्र में 05 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे, जिनमें माहुरबंदपारा, नंदनमारा, सरंगपाल, चिवरांज और बरदेभाटा शामिल थे। इनमें से मतदान केन्द्र क्रमांक-75 चिवरांज में सर्वाधिक मतदान का प्रतिशत 90.45 था। इसी तरह नंदनमारा में 88.39, सरंगपाल में 82.19 और माहुरबंदपारा में 70.40 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया।

### स्थानांतरित (शिफ्ट) किए गए मतदान केन्द्रों में भी बढ़ा वोटिंग का प्रतिशत

मतदाताओं की सुविधा को दृष्टिगत करते हुए जिले में 14 मतदान केन्द्रों को स्थानांतरित किया गया था। शिफ्टिंग के बाद भी मतदान केन्द्रों में लगभग 78 प्रतिशत तक अधिक वोट डाले गये। मतदान केन्द्र कोंगेरा में पिछले चुनाव में 59.82 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया, जबकि इस बार 77.91 प्रतिशत वोटरों ने मतदान किया। मातला-ब मतदान केन्द्र में वर्ष 2018 में 49.43 प्रतिशत लोगों ने वोट डाला, जबकि इस वर्ष 76.75 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया। वर्ष 2018 में गवाड़ी पोलिंग बूथ में 57.50 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले, जबकि इस वर्ष 64.90 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह कसेकोड़ी मतदान केन्द्र में वर्ष 2018 में सिर्फ 0.44 प्रतिशत लोगों ने वोट दिया, जबकि वहां के मतदाताओं ने लोकतंत्र पर आस्था रखते हुए इस साल 46.29 प्रतिशत लोगों ने वोट किया। इसी तर्ज पर गट्टापाल पोलिंग स्टेशन में वर्ष 2018 में मतदान का प्रतिशत 0.45 था जबकि इस वर्ष 51.32 फीसदी मतदाताओं ने वोट किया। ऐसे मतदान केन्द्र जो विगत विधानसभा निर्वाचन के दौरान अन्यत्र स्थानांतरित किये गये थे तथा इस वर्ष नहीं किए गए थे, ऐसे केन्द्रों में भी 53 से 87 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र मेण्ड्रा में वर्ष 2018 में मात्र 10.14 फीसदी मतदाताओं ने वोट किया, जबकि इस वर्ष वोटिंग का प्रतिशत 87.0 रहा। इसी प्रकार माड़पखांजूर में पिछली बार 81.18 प्रतिशत वोटर्स ने वोट किया, जबकि इस साल 82.91 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कामता पोलिंग बूथ में पिछली बार पोलिंग प्रतिशत 70.35 था जो इस साल बढ़कर 80.32 प्रतिशत हो गया। इसके अलावा उसेली में 76.14 प्रतिशत, कुरूषबोड़ी मांझी-2 में 75.72 प्रतिशत, कुरूषबोड़ी मांझी-1 में 74.73, बदरंगी में 67.52 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया। मतदान केन्द्र कामतेड़ा में वर्ष 2018 में 2.49 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था, जबकि इस वर्ष 53.26 प्रतिशत वोटर्स से मताधिकार का प्रयोग किया।

### इन केन्द्रों में गत चुनाव की अपेक्षा हुआ सर्वाधिक मतदान प्रतिशत

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-80 में कई ऐसे मतदान केन्द्र हैं जहां वर्ष 2018 के मुकाबले इस वर्ष अधिक वोट डाले गए। इस विधानसभा क्षेत्र के 266 मतदान केन्द्रों में से 199 में वर्ष 2018 के मुकाबले में अधिक मतदान दर्ज किया गया। पिछला निर्वाचन की तुलना में इस बार मतदान केन्द्र सराधुघमरे में 36.58 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। इसी तरह कठोली में 29.49 प्रतिशत, खड़का में 28.51, मुल्ला में 23.54, चारामा-7 में 21.31, भानुप्रतापपुर-3 में 18.30, सेलेगोड़ी में 18.25, चारामा-3 में 17.45, धुवा में 16.05, खैरखेड़ी-1 में 16, साधुमिचगांव में 15.12, चड़ेली में 12.69, साल्हे में 11.81, जुनवानी में 11.52, डुमरकोट एवं कोपाकटेल में 11.29, तेलगुड़ा में 10.84, भैंसाकन्हार-डू में 10.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।कांकेर विधानसभा क्षेत्र के 10 मतदान केन्द्र जहां विधानसभा निर्वाचन-2018 की तुलना में इस वर्ष अधिक मतदान हुआ। नवागांव भावगीर में 2018 में मतदान का प्रतिशत 77.52 रहा, जो इस वर्ष 93.67 हो गया है। इस प्रकार पिछले चुनाव की तुलना में इस साल 16.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी प्रकार लुलेगोंदी में 15.11, ईरादाह में 13.91, कांनागांव में 13.77, दबेना में 12.17, बादल-2 में 11.13, बासनवाही-2 में 10.36, धनतुलसी में 10.10, भैसगांव में 10.08 और अंजनी मतदान केन्द्र में 9.98 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। इसके अलावा महेशपुर मतदान केन्द्र में 96.09, खमडोडगी में 95.98, लुलेगोंदी में 92.95, पथर्रीनाला में 92.20, दुधावा-2 में 92.14, पुसावंड में 92.09, रोड़े में 92.07, साल्हेभाट में 91.90 और कुसुमपानी में 91.89 प्रतिशत वोट पड़े, जो इस विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक है।

### मतदान में महिला मतदाताओं ने पुरुषो की अपेक्षा दिखाई अधिक दिलचस्पी

कांकेर विधानसभा क्षेत्र के सभी 15 नवीन मतदान केन्द्रों के अधिकांश बूथों में पुरूषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने अधिक दिलचस्पी दिखाई। इनमें से 06 मतदान केन्द्रों को छोड़कर शेष 09 केन्द्रों में महिलाओं को वोटिंग प्रतिशत कहीं अधिक है। मतदान केन्द्र रावस में 84.58 पुरूष मतदाताओं की तुलना में 97.22 महिलाओं ने वोट किया। तुलतुली में 88.93 पुरूषों की अपेक्षा 92.45 प्रतिशत, मलांजकुडूम में 89.62 पुरूषो की तुलना में 92.79, घोटिया में 81.72 के विरूद्ध 89.38, झूलनातेंदु में 86.59, पुरूषों की तुलना मे 93.98 प्रतिशत महिलाओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार महेशपुर, बिहावापारा, खल्लारी, छिन्दखड़क की महिलाओं ने भी पुरूषो की अपेक्षा वोटिंग में अधिक सहभागिता निभाई। इसके अलावा कांकेर विधानसभा क्षेत्र के खमढ़ोड़गी में 97.85, रोड़े में 96.55, ईरादाह में 96.08 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया।

### दिव्यांग मतदान केन्द्र में भी 03 प्रतिशत की वृद्धि हुई

कांकेर विधानसभा क्षेत्र के सरोना-2 में वर्ष 2018 में स्थापित दिव्यांग मतदान केन्द्र में 76.21 प्रतिशत, मतदान हुआ था जबकि इस वर्ष यह बढ़कर 79.36 प्रतिशत हो गया।

## एक नजर

### सामान्य प्रेक्षक व कलेक्टर ने लिया कमीशनिंग एवं प्रशिक्षण का जायजा

**महासमुंद,9 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का कमीशनिंग कार्य मंडी परिसर पिटियाझर में किया जा रहा है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में कमीशनिंग कार्य किया जा रहा है। कमीशनिंग कार्य के दौरान सामान्य प्रेक्षक जफर अली एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने निरीक्षण किया। उन्होंने किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आज सरायपाली विधानसभा के मशीनों का कमीशनिंग कार्य का जायजा लिया। प्रत्येक विधानसभा में 20-20 टेबल लगाए गए है।

ज्ञात है कि जिले में 17 नवंबर 2023 को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार सीलिंग का कार्य पूरा किया जा रहा है। इस दौरान सरायपाली ओंकारेश्वर सिंह, एआरओ मिषा कोसले एवं मनोज खांडे सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा-विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए समस्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण बुधवार प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद में बसना विधानसभा के लिए गठित मतदान दलों को तथा केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में खल्लारी विधानसभा के लिए गठित मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। बसना विधानसभा के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सामान्य प्रेक्षक जफर अली एवं कलेक्टर प्रभात मलिक ने जायजा लिया।उन्होंने अपने समक्ष मतदान कर्मियों से मॉक पोल भी कराया और प्रक्रिया की भी जानकारी ली। कहा कि मतदान अधिकारियों की भूमिका पूरे निर्वाचन कार्य के दौरान उनकी सजगता और जिम्मेदारी पर निर्भर करता है। उन्होंने सभी मतदान कर्मिकों को गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। ज्ञात है कि पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 6 से 8 नवंबर 2023 तक आयोजित हुआ।

सामान्य प्रेक्षक पहुंची वृद्धाश्रम, होम वोटिंग का किया निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक ने आज पहाड़ मंदिर स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचकर होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण की। यहां निवासरत वयोवृद्ध ने डाकमत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वृद्ध श्री कालेश्वर दास महंत एवं श्री कालाचंद मेहर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से हम जैसे वृद्धजनों के लिए होम वोटिंग की अच्छी पहल शुरू की गई है। जिससे आज हम घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग कर पा रहे है। इस मौके पर श्री कालेश्वर दास महंत ने बने सेल्फी प्वाइंट में अपनी सेल्फी भी ली। मतदान से पूर्व आरओ श्री गगन शर्मा ने मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान मतदान दल द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सारी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए होम वोटिंग की प्रक्रिया को संपन्न कराया।

चारों विधानसभाओं में 167 मतदाताओं ने किया होम वोटिंग उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनके निवास स्थल पर मतदान करने हेतु प्रारूप 12घ में आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई थी। जिसके तहत आज जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा में 28, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ में 28, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया में 86 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में 25, इस प्रकार कुल 167 मतदाताओं द्वारा आज डाकमत पत्र के माध्यम से घर बैठे मतदान किया।

### तीन अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया

**महासमुंद।** प्रथम निरीक्षण में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित तिथि 7 नवंबर को अभ्यर्थियों द्वारा सरायपाली एवं बसना विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे 08 प्रत्याशियों ने निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया। इसी तरह बसना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे 10 अभ्यर्थियों में से 07 अभ्यर्थियों ने निर्वाचन व्यय लेखा की जांच के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसकी जांच कर सत्यापित किया गया। बसना विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रत्याशी रामेश्वर चौहान आजाद जनता पार्टी, प्रहलाद बरिहा निर्दलीय एवं अरविंद प्रधान निर्दलीय ने निर्धारित तिथि को व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया। उक्त तीनों अभ्यर्थियों को व्यय लेखा प्रस्तुत करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी बसना द्वारा निर्देशित किया गया है।

### बैठक में वेबकास्टिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी

**धमतरी 9 नवम्बर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान केन्द्रों में वेबकॉस्टिंग के दौरान अपनाई जाने वाली विभिन्न प्रक्रिया के संबंध में आज अपर कलेक्टर श्री जी.आर. मरकाम ने बैठक ली। कलेक्ट्रेट में आयोजित इस बैठक में बताया गया ।जिले की 377 ग्राम पंचायतों में निष्पक्ष एवं पारदर्शितापूर्ण मतदान के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा।

# 80 प्लस वृद्ध एवं दिव्यांगों के होम वोटिंग की हुई शुरुआत

**रायगढ़, 9 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में मतदान केन्द्र तक पहुंच पाने में असमर्थ 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वयोवृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं के लिए उनके निवास स्थल पर मतदान करने हेतु सुविधा प्रदान की गई है। जिसके तहत आज जिले के ऐसे मतदाताओं जिन्होंने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया है उनके घर मतदान दल पहुँचा। ऐसे मतदाताओं ने डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान देकर लोकतंत्र के उत्सव में सहभागिता की शुरूआत की। इसी कड़ी में आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा के भाग संख्या 2-कोड़ासिया की 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की डोकरी नाग ने डाकमत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट उपस्थित रहे।







### सामान्य प्रेक्षक पहुंची वृद्धाश्रम, होम वोटिंग प्रक्रिया का किया निरीक्षण

सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक ने आज पहाड़ मंदिर स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचकर होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण की। यहां निवासरत वयोवृद्ध ने डाकमत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वृद्ध श्री कालेश्वर दास महंत एवं श्री कालाचंद मेहर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से हम जैसे वृद्धजनों के लिए होम वोटिंग की अच्छी पहल शुरू की गई है। जिससे आज हम घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग कर पा रहे है। इस मौके पर श्री कालेश्वर दास महंत ने बने सेल्फी प्वाइंट में अपनी सेल्फी भी ली। मतदान से पूर्व आरओ श्री गगन शर्मा ने मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान मतदान दल द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सारी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए होम वोटिंग की प्रक्रिया को संपन्न कराया।

### चारों विधानसभाओं में 167 मतदाताओं ने किया होम वोटिंग

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनके निवास स्थल पर मतदान करने हेतु प्रारूप 12घ में आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई थी। जिसके तहत आज जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा में 28, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ में 28, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया में 86 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में 25, इस प्रकार कुल 167 मतदाताओं द्वारा आज डाकमत पत्र के माध्यम से घर बैठे मतदान किया।

# जिले संगवारी मतदान केंद्रों में केवल महिलाओं की ड्यूटी लगेगी

**महासमुंद।** जिले में मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष पहल की गई है। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए 10-10 संगवारी मतदान केंद्र, 5-5 आदर्श मतदान केंद्र, 01-01 दिव्यांग एवं युवा प्रबंधित मतदान केंद्र की स्थापना की जाएगी।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42 अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक महासमुंद- 164, 172, 191, 192, 193, 194, 199, 200, 208 व 225 मचेवा को संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र खलारी-41 में मतदान केंद्र क्रमांक घुंचापाली कला- 81, 82, खोपली- 84, 85, लालपुर- 104, 109, सिर्रीपठारीमुड़ा-114, दारगांव-115, सुखरीडबरी-117, 118, विधानसभा क्षेत्र बसना-40 अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक खुसरूपाली-2, राजाडेरा-5, अर्जुनी-10, परसापाली-16, सेवईया कला-31, खेमड़ा- 191, 192, अरेकेल-230, 231, बड़ेटेमरी- 244, विधानसभा क्षेत्र सरायपाली-39 अंतर्गत मतदान केंद्र सरायपाली-127, 128, 129, 130, 131, 132, पतेरापाली- 139, 140 एवं झिलमिला- 141 व 142 को संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। इन केंद्र में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान अधिकारी 1, 2 और 3 महिला मतदान अधिकारी होंगे।जिले में कुल 20 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए जाएगे। विधानसभा क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत महासमुंद- 164, 191, 193, 194 व मचेवा-225 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र घुंचापाली कला-82, खोपली-84, 85, दारगांव-115, सुखरीडबरी-118, बसना विधानसभा क्षेत्र के तहत खुसरूपाली-2, परसापाली-16, सेवईया कला-31, धनापाली-151 व दुरूगपाली-145 तथा सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र सरायपाली- 130, 131, 132, पतेरापाली-139 व झिलमिला-141 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुकराडीह-20 को दिव्यांग केंद्र बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र खल्लारी अंतर्गत बागबाहरा कला-110, विधानसभा बसना अंतर्गत धनापाली-151 तथा सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के तहत कुटेला-187 को दिव्यांग मतदान केंद्र बनाया गया है। युवा प्रबंधित मतदान केंद्र अंतर्गत महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से लाफिनकला-228 को, विधानसभा क्षेत्र खल्लारी अंतर्गत कोमाखान-249, विधानसभा बसना अंतर्गत दुरूगपाली-145 एवं सरायपाली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुसमीसरार-246 को युवा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाया गया है।

# एडिशनल एसपी ने अधिकारियों के साथ किया चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण

**रायगढ़, 9 नवम्बर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर एडिशनल एसपी संजय महादेवा के साथ एसडीओपी धरमजयगढ़, एसडीओपी खरसिया, ट्रैफिक डीएसपीए प्रशिक्षु डीएसपी एवं नगर कोतवाल ने जिले के रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चेक पोस्ट कठली, लारा, बडमाल, एकताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम कठली पर तैनात टीम के साथ अधिकारियों ने वाहनों की जांच में शामिल होकर आने.जाने वाले वाहनों को चेक कर रिकॉर्ड हेतु संधारित रजिस्टर को चेक किया गया।



एडिशनल एसपी तथा अधिकारियों ने स्थैतिक निगरानी दल के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित करते हुए चेक पोस्ट पर वाहनों की बारीकी से जांच करने और आदर्श आचरण संहिता के अनुसार किसी भी चुनाव प्रभावित सामग्रियों के मिलने पर तत्काल अधिकारियों को सूचना देने के निर्देश दिए गए । गौरतलब है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन पर जिले के तीनों विधानसभा में स्थैतिक निगरानी दल सभी 20 चेक पोस्ट पर निगरानी पर चौबीसों घंटे तैनात हैं। एसएसटी टीम द्वारा चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की जांच के साथ जिले में उड़नदस्ता निर्वाचन व्यय, नगदी, अवैध शराब अथवा चुनाव प्रभावित सामग्रियां के आवाजाही पर कड़ी नजर रखे हुए है। जिले में प्रशासन व पुलिस द्वारा आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है । एडिशनल एसपी संजय महादेवा के साथ चेक पोस्ट के निरीक्षण दौरान पुलिस एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल, ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चंद्रा, प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी, थाना प्रभारी कोतवाली शनिप रात्रे एवं थाना प्रभारी चक्रधरनगर प्रशांत राव अहेर द्वारा वाहनों की जांच करते हुए सुरक्षा का जायजा लिया गया।

### पोस्टर-बैनर के माध्यम से विद्यार्थियों ने राहगीरों से की मतदान की अपील

**धमतरी 8 नवम्बर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत दूसरे चरण में आगामी 17 नवम्बर को जिलेवासी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में शत्-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इन स्वीप गतिविधियों में जहां अधिकारी, कर्मचारी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, वहीं महाविद्यालय, स्कूल, इंस्टीट्यूट्स आदि के विद्यार्थी भी अपनी सहभागिता दे रहे हैं। इसी कड़ी में आज रत्नाबाँधा चौक पर एम.आर इंस्टिट्यूट धमतरी के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर-बैनर के माध्यम से राह चलते मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्हें वोट डालने की अपील की गई।

### जलसंसाधन विभाग की जिम्मेदारी है एनीकट में पानी रोकना

# जल संसाधन विभाग की लापरवाही से नवागांव एनीकट में पानी नहीं

**सिर्फ शो पीस रह गया नवागांव एनीकेट,एनीकट में पानी नहीं रोकने के कारण भू जल स्तर पर अभी से दिख रहा फर्क,स्थानीय लोगों ने शीघ्र एनीकट को भरने किया मांग**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 9 नवम्बर ।** मानसून विदा होने के बाद पूरा अक्टूबर बीत गया और नवंबर माह शुरू हो गया है लेकिन अभी तक धमतरी जिले के आखिरी छोर तथा त्रिवेणी संगम के दक्षिण दिशा में बने नवागांव एनीकट में जल संसाधन विभाग पानी रोक नहीं पाए हैं नतीजा पूरा एनीकट खाली है। शहर के किसान भोले साहू, गजानन साहू, श्याम साहू, भवानी शंकर साहू, भारत निषाद, वाल्मीकि धीवर, कृष्णा साहू, टीकम पाल, मोती सोनकर, गोपाल पटेल, ललित पटेल, रामकुमार साहू ने कहा कि नवागांव एनीकट राजिम शहर के लिए वरदान है। यहां पानी भरा रहने से बस्ती का पानी का लेवल बना रहता है। इस बार अभी तक पानी नहीं रोकने के कारण भूजल स्तर में अभी से फर्क दिखाई दे रहा है। निरंतर लेवल गिर रहा है। शीत ऋतु में यह स्थिति है तो ग्रीष्म ऋतु में क्या हाल होगा कह पाना मुश्किल है। बता देना जरूरी है कि सन् 2015 में प्रदेश के तत्कालीन सरकार के द्वारा करोड़ों रुपया की राशि खर्च कर नवागांव एनीकट का निर्माण किया गया था। ताकि तीनों जिले के अनेक गांव जिनमें धमतरी जिला के नवागांव, बड़ेनी, भेंडरी, चंद्रसुर,चंदना,परेवाडीह,मोंहरेंगा आदि को इसका फायदा मिल सकें। गरियाबंद जिले के राजिम शहर, चौबेबांधा, सिंधौरी, बरोंड़ा, पथर्रा, नवाडीह, पीपरछेड़ी इत्यादि तथा रायपुर जिला के एक बड़ी आबादी वाले नवापारा शहर इससे लाभान्वित होते हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो कम से कम डेढ़ से दो लाख लोग एनीकट के पानी के ऊपर आश्रित है। इसमें पानी भरा रहता है तो लगभग इन सभी गांव एवं शहरों का जलस्तर बना रहता है। इस बार तो पानी ही नहीं है। एनीकट के गेट खुले हुए हैं। धार बिल्कुल कम हो गया है। अब तो नहाने में भी तकलीफ हो रही है। नहाने के लिए भी नदी में पानी नहीं बचा है। अब एनीकट को भरने के लिए पानी छोड़ने की आवश्यकता है।इन्होंने कहा कि कैसे भी हो पानी को सुरक्षित और संरक्षित किया जाए। जिससे सब लोगों का भला हो। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में चुनाव आचार संहिता लगी हुई है ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है परंतु यहां तो ढाक के तीन पात जैसी कहावत चरितार्थ हो रही है। आसपास के रहवासी आज रोकेंगे, कल रोकेंगे यही उम्मीद में जल संसाधन विभाग की ओर मुंह ताक रही है। ऐसे में विभागीय उदासीनता समझ से परे हैं। बताया जाता है कि गेट को बंद करने का काम जल संसाधन विभाग धमतरी के मार्फत है। यही के अधिकारी कर्मचारी जल द्वारा को बंद व खुला करते हैं। जबकि पानी सिकासेर जलाशय, कुकदा पिकअप वियर या फिर कोपरा एनीकट से आता है। यहां से ही पानी छोड़ेगा तब कहीं नवागांव एनीकट भर पाएगा। यह भी जानना जरूरी है कि इसी नवागांव एनीकट से मांघी पुन्नी मेला के लिए धर्म नगरी राजिम के संगम में पानी सप्लाई होता है। यदि इसमें पानी न रहे तो बाहर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को त्रिवेणी संगम में पानी नहीं मिल पाएगा। दिनों दिन पानी के



धार कम हो गये हैं। आने वाले समय में विकराल जल समस्या से पूरा क्षेत्र जूझेगा, जिसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। यह बड़ी प्रश्न खड़ी होती जा रही है। लोग तत्काल नवागांव एनीकट के गेट को बंद कर पानी भरने की मांग कर रहे हैं और विभाग सुस्त दिखाई दे रहा है भोले साहू ने बताया कि किसान सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत साहू से कहकर शीघ्र जल संसाधन विभाग में आवेदन प्रस्तुत करेंगे यदि इसके बाद भी नहीं रूका तो आंदोलन का सहारा लेने की जरूरत होगी तो वह भी करेंगे।

### गेट को खुला छोड़ने से बह रहा पानी

एनीकट के गेट खुला है। लगातार पानी बह रहा है। पिछली बार सही समय एनीकट लबालब था। जिसके कारण पानी का लेवल बना हुआ था इस बार तो इनकी ओर देखने वाला कोई नहीं है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा। लोग तो जल संसाधन के इस उदासीनता को बहुत बड़ी लापरवाही मान रहे हैं। यही स्थिति रही तो आने वाले 15 दिनों में नहाने के लिए एक बूंद भी पानी नहीं रह पाएगा।

सरकार की करोड़ों रुपया एनीकट के गेट को खुला छोड़ने से फालतू हो गया है।

## समाचार संक्षेप

### 80 से अधिक आयु वर्ग की जिले में पहली मतदाता बनी जामवती बाई

**धमतरी 9 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 80 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत आज जिले में ऐसे दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही 80 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिये अपने मताधिकार का उपयोग किया।इस मौके पर जिले की पहली 80 वर्ष से अधिक उम्र की मतदाता भटगांव निवासी श्रीमती जामवती बाई ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में वह अपने मताधिकार का प्रयोग करने स्वयं मतदान केन्द्र तक जाया करती थी, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ अब शरीर भी जवाब देने लगा है। कहीं भी जाने के लिए किसी सहारे की जरूरत पड़ती है। ऐसे में मतदान केन्द्र तक जाना संभव नहीं है। जामवती बाई ने बताया कि कभी सोचा नहीं था कि घर पर भी मतदान किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग की इस पहल को सराहनीय बताते हुए केशर बाई ने कहा कि अब बदलाव की बयार बहने लगी है, जिसका लाभ वृद्धजनों को मिल रहा है।

वहीं जिले के पहले दिव्यांग मतादाता श्रीमती केशरबाई ने अपने अनुभव साझा करते हुए दिव्यांग होने के कारण मतदान करने में काफी कठिनाईयां का सामना करना पड़ता था। पहली कठिनाई तो मतदान केन्द्र तक जाने में होती थी, फिर लाईन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करने की। इससे मन काफी हतोत्साहित होता था। लेकिन अब निर्वाचन आयोग की पहल से बड़ी ही आसानी से घर बैठे होम वाटिंग के माध्यम से मैं भी लोकतंत्र के महापर्व में अपने मत का प्रयोग करने और सहभागी बनने का मौका मिला है। इसके लिए निर्वाचन आयोग का धन्यवाद करती हूं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा आज चिन्हांकित 87 वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया ।

### निर्वाचन दायित्व से जुड़े कुल 1 हजार 587 अधिकारी-कर्मचारियां ने डाक मतपत्र से किया मतदान

**धमतरी 9 नवम्बर।** निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन दायित्व से जुड़े मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर पाए हैं, ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी गत 7 नवम्बर से डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र के जरिए मतदान कर रहे हैं। इसके तहत अब तक कुल एक हजार 587 अधिकारी-कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।गौरतलब है कि 7 नवम्बर को सिहावा विधानसभा के 765 अधिकारी, कर्मचारियों ने वोट डाला, वहीं आज कुरूद विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के 822 अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर स्थानीय मेनोनाईट अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में बनाये गये विधानसभावार सुविधा केन्द्र में मतदान दलों के अधिकारी, कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से अब तक निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कुल एक हजार 587 अधिकारी, कर्मचारी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने बताया कि निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को 9 नवम्बर तक अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। निर्वाचन दायित्व से जुड़े शेष सभी अधिकारी, कर्मचारी उक्त तिथि को अपना वोट डाल सकते हैं।

### कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने मतदान दलों के प्रशिक्षण का किया अवलोकन

**धमतरी 9 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज स्थानीय मेनोनाईट अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री रघुवंशी ने मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि आपको दिये गये दायित्व के निर्वहन में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके चलते आप लोगों का यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में पीठासीन, मतदान दल क्रमांक 1, 2, और 3 को मतदान के दिन जिन जिम्मेदारियों को निर्वहन करना है, उसके बारे में जानकारी दी जा रही है, इसे गंभीरता से समझे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दिव्या पोटाई, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बृजेश बाजपेयी के अलावा निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में पीठासीन एवं मतदान दल क्रमांक 1, 2 एवं 3 के अधिकारी, कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारी, मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदाता सूची की चिन्हांकित प्रति, एएसडी सूची, ईवीएम मशीन सीलिंग प्रक्रिया, सील करने की सामग्री, अन्य आवश्यक सामग्री सहित मतदान पूर्व तैयारी, मतदान के दिन की जाने वाली तैयारी, मतदान अभिकर्ता, ईवीएम को जोड़ना, मॉक पोल, मॉक पोल के बाद ईव्हीएम को सील करना, वीवीपैट को सील करना, मतदान प्रारंभ कराना, मतदान प्रारंभ होने के बाद पीठासीन अधिकारी के दायित्व, मतदान अधिकारियों के कार्य, अमिट स्याही लगाना, मतदाता के हस्ताक्षर, मतदान के दौरान निर्मित विशेष परिस्थियों से निपटना, निविदत्त मत, अभ्यक्षेपित मत, सेवीवर्गीय मतदाता, प्रतिनिधि मतदाता, दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतांकन, मतदान करने एव ना करने का निर्णय, अभिकर्ताओं को दिये जाने वाले अभिलेख, वेब कॉस्टिंग व्यवस्था, मतदान की समाप्ति उपरांत क्रमबद्ध तरीके से किये जाने वाले कार्य, रिकॉर्ड किये गये।

एक नजर

### 80 प्लस बुजुर्ग और दिव्यांगों ने घर में किया मतदान

**कोरबा, 9 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में जिले में विधानसभा निर्वाचन की व्यापक तैयारियां है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं (पीडब्ल्यूडी) को घर बैठे मतदान की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इसी कड़ी में आज रामपुर और पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं में मतदान दलों की उपस्थिति में घर पर भी मतदान करके लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दी। 10 नवंबर को विधानसभा कटघोरा तथा कोरबा क्षेत्र में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। होम वोटिंग की प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी व अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। होम वोटिंग से पूर्व मतदान दल के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान कराने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रारूप 12 (घ) में आवेदन करने वाले अनुपस्थित श्रेणी के अंतर्गत मतदाताओं ने सहमति दी है। गठित दल द्वारा चिन्हित मतदाताओं के घर पहुंचकर पूर्ण पारदर्शी प्रक्रिया के तहत मतदान की कार्यवाही संपन्न कराएंगे। इस दौरान मत की गोपनीयता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मतदान प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग भी करायी जाएगी। यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी की मतदाता निर्भीक होकर स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से मतदान कर सके। प्राप्त मतों को सुरक्षा के बीच सुरक्षित स्थान पर रखा जाएगा।

### कोरबा में बाइक रैली निकालकर दिया मतदान जागरुकता का सन्देश

**कोरबा, 9 नवंबर।** जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार और स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में कोरबा के मतदाताओ द्वारा अपने-अपने मोटर सायकल में जागरूकता संदेश लेकर बाइक में बैनर पोस्टर फ्लेक्स लगाकर शहर के सीतामणी गौमाता चैक बस स्टैंड, पॉवर हाउस रोड, टीपी नगर, बुधवारी, निहारिका, कोसाबाड़ी होकर पीजी कॉलेज तक बाइक रैली निकाला गया। बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन में कोरबा जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु लगातार शहर से लेकर गावों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में अलग उत्साह है। जिले के युवा और बुजुर्ग मतदाता मतदान करने उत्साहित नजर आ रहे हैं। बाइक रैली में शामिल युवाओं द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज पहुंचकर मतदान का संकल्प लिया गया। प्राचार्य श्रीमती साधना खरे द्वारा उपस्थित सभी को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलाई गई।

### माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिसकर्मी और वाहन चालक भी डाक मतपत्र से करेंगे मतदान

**कोरबा, 9 नवंबर।** मतदान दल में शामिल माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिस कर्मी एवं वाहन चालकों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था प्रशिक्षण स्थल में की गई है। वे 11 और 14 नवंबर को शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज कोरबा, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा के प्रशिक्षण स्थल में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। अपर कलेक्टर ने बताया कि प्रशिक्षण स्थल में विधानसभा क्षेत्र रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार के अभ्यर्थियों तथा राजनीतिक दलों के अध्यक्ष व प्रतिनिधि भी अपनी उपस्थिति दे सकते हैं।

### प्रेक्षक और पुलिस आब्जर्वर ने किया मतदान केंद्र, थाने का निरीक्षण

**कोरबा, 9 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कोरबा और रामपुर के लिए नियुक्त प्रेक्षक प्रियतु मंडल और पुलिस आब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी ने ग्राम गोढ़ी में प्राथमिक शाला भवन मतदान केंद्र क्रमांक 83-84, ग्राम करमंदी में मतदान केंद्र क्रमांक 82, नोनबिर्रा में मतदान केंद्र 250-251, प्राथमिक शाला कोटमेर में मतदान केंद्र क्रमांक 117, स्वामी आत्मानंद कन्या अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करतला के मतदान केंद्र क्रमांक 115, डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बड़मार के मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना करतला, आंगनबाड़ी केंद्र कोटमेर, नोनबिर्रा का भी अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

# दुनिया की सबसे अच्छी जगह विद्यालय है : सिन्हा

## मुझे पुनः मनुष्य जन्म मिले तो मैं हर जन्म में एक शिक्षक बनकर राष्ट्र सेवा करना पसंद करूंगा : चिंता राम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**छुरा, 9 नवम्बर।** अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा से अवकाश प्राप्त कर रहे शिक्षक चिंताराम सिन्हा को धूमधाम से विदाई दिया गया।सर्वप्रथम पुष्प वर्षा एवं बैंड बाजा के साथ उनका परिवार सहित स्वागत किया गया।सभी बच्चों और नगर के सभी विद्यालय के शिक्षकों ने अपने आदर्श शिक्षक का करतल ध्वनि से अभिनंदन किया।मां शारदे की स्तुति उपरांत सेवानिवृत्त हो रहे चिंताराम सिन्हा, उनकी माता रूपा सिन्हा एवं धर्मपत्नी कुंती बाई सिन्हा का पुष्प माल से सत्कार किये। शिक्षिका श्यामा नेताम एवं बच्चों की ओर से तनुजा सोनवानी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।संचालन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने चिंताराम सिन्हा का जीवन परिचय, सेवा कल के अनछुए पहलुओं, शिक्षकीय जीवन की विशेषताओं को पटल पर रखा।विदित हो कि सिन्हा द्वारा 40 वर्ष 4 माह की सेवाकाल में आदर्श पूर्व विद्यालय में ही 37 वर्ष 4 माह का शिक्षकीय जीवन व्यतीत किए।चिंताराम सिन्हा के शिष्य एवं वर्तमान में उनके साथ अध्यापन कर रहे शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने उनके व्यक्तित्व को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया।सेवानिवृत शिक्षक बंशी लाल तारक ने कहा कि सिन्हा बहुमुखी प्रतिभा के धनी है।वे कमांडिग ऑफ्सिर की तरह अनुशासन स्थापित करके रखते थे। वरिष्ठ शिक्षक मदन लाल सेन ने सिन्हा के साथ बिताए पलों को याद करते हुए कहा कि चिंताराम सिन्हा की संवेदना सागर से गहरी है।श्री सिन्हा में समन्वय का अद्भुत समझ रहा है। संकुल समन्वयक शंकर लाल यदु ने कहा कि सिन्हा सर ने शिक्षा के उच्च मानकों को तय किया है। प्राचार्य एन.सी. साहू, के.के. साहू एवं प्रदीप मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदर्श शिक्षा के रूप में वे सदैव जाने जाएंगे।वे सुख-दुख के साथी हैं।करुणा, प्रेम, सहयोग की भावना उन्हें ऊंचा उठता है।शिक्षकीय जीवन की शुरुआती दौर के साथी डी.एस.काशी ने कहा कि वे सामाजिक आदर्श को स्थापित करने में हमेशा अग्रणी रहे हैं।उनके शिष्यों में डिंपल निषाद, सोहेल खान ने उनके पढ़ाने के विशिष्ट शैली को याद किया।विदाई के अवसर पर चिंता राम सिन्हा ने कहा कि अनेक जन्मों के श्रेष्ठ कर्मों का पुण्य फल रहा होगा कि मुझे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्य करने का अवसर मिला।इसके लिए परमात्मा का, नगर का, शिक्षक साथियों का एवं छात्र-छात्राओं का सदैव कृतज्ञ रहूंगा। उन्होंने आगे कहा कि यदि मुझे पुनःमनुष्य जन्म मिले तो मैं हर जन्म में एक शिक्षक बनकर राष्ट्र सेवा करना पसंद करूंगा।विद्यालय परिवार द्वारा प्रतीक चिन्ह, शाल, श्रीफल एवं अंग वस्त्र सम्मान स्वरूप भेंट किए। साथ ही नगर के सभी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओ ने भी अपने आदर्श शिक्षक का अभिनंदन किया। संस्था के प्रधान पाठक निर्भय राम ठाकुर ने उपस्थित सभी शिक्षकवृंद का आभार व्यक्त करते हुए रुदन कंठ से कहा कि सिन्हा सर के साथ बिताए हुए हर क्षण प्रेरणादायी एवं स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक ऊखराज ध्रुवा, एल.आर.सेन, प्रधान पाठक एम.एल. साहू, होरी लाल कुर्रे, योगेश्वरी बंजारे, सबीना नाज, सतरूपा कुर्रे, हेमा चंद्राकर, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संतराम साहू, गोवर्धन यादव, रामरतन यादव, आश्रम अधीक्षक गिरधारी लाल कुंभकार, देवव्रत साहू, कुलेश्वर मरकाम, शिक्षकगण तुलेंद्र वर्मा, संतोष कुमार निषाद, उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, तरुण कुमार साहू, करुणा वर्मा, शीतल चंद्राकर, लॉरेंस महिलाने, नरेंद्र देवांगन, मोहन ध्रुव, डोमेश्वर ध्रुव, युवराज कंवर, कैलाश पटेल, केशव साहू, दिनेश डनसेना, दिवस यादव, राजेश्वरी वर्मा, ममता साहू, योगेंद्री कश्यप पूजा मिश्रा, पीली बाई, प्रतिमा, कविता, रुखमणी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। परिवार से उनकी माता रूपा सिन्हा, पत्नी कुंती बाई सिन्हा, बहन सुभद्रा सिन्हा, भाई सुरेश कुमार, पुत्र देवेंद्र कुमार सिन्हा, पुत्रवधू अपर्णा सिन्हा, पुत्र डॉ. मयंक सिन्हा, नातिन अद्यशा, भतीजी नीतू सिन्हा भी विदाई समारोह में उपस्थित थे।

**बड़ी उपलब्धि: जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा एक साथ 2 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित**

# जिले के 7 सौ से अधिक स्थानों में सवा लाख लोगों ने हस्ताक्षर कर बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

■ **महिला सशक्तिकरण बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प है एवं मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान थीम पर हुआ कार्यक्रम**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 9 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के मार्गदर्शन एवं जिल पंचायत स्वीप नोडल अधिकारी नम्रता जैन के नेतृत्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को बड़ी उपलब्धि मिली है। आज जिले के 7 सौ से अधिक स्थानों में सवा लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। उक्त हस्ताक्षर अभियान महिला सशक्तिकरण बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प है एवं स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान थीम पर आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम का आयोजन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संपन्न किया गया। जिसमें सभी ग्राम पंचायतों, नगरों के चौक चौराहों, स्कूलों, आंगनबाड़ी, विभिन्न शासकीय कार्यालयों में हस्ताक्षर कार्यक्रम किया गया। प्रशासन द्वारा चैलेंज को स्वीकार करते हुए आज जिला मुख्यालय स्थित स्पोर्टस स्टेडियम बलौदाबाजार में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के एशिया प्रमुख डॉ. मनीष विश्नोई ने अपने हाथो से कलेक्टर चंदन कुमार एवं जिला पंचायत नम्रता जैन को प्रोविजनल सर्टिफिक्रेट प्रदान किए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, कसडोल विधानसभा आब्जर्वर डॉ. राजेन्द्र भारूड, बलौदाबाजार एवं भाटापारा डॉ. अनीश शेखर, पुलिस आर्ब्जवर नजमुल होड़ा भी उपस्थित रहे। स्पोर्टस स्टेडियम में कलेक्टर-एसपी सहित सभी आला अधिकारियों ने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान एवं महिला सशक्तिकरण बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प है में शामिल होकर हस्ताक्षर कर सभी का प्रेरित किए। इस दौरान कलेक्टर चंदन कुमार के द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प भी दिलाया गया। साथ ही पं. चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही आकर्षण सुवा नृत्य के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिए। इस मौके पर जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग टिकवेन्द्र जाटवर, एनआईसी सत्यनारायण प्रधान, सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी, उप संचालक पंचायत सुरेश कंवर, सहायक परियोजना अधिकारी के के साहू सहित सभी जनपद सीईओ, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वामी आत्मानंद स्कूल के स्टॉफ एवं स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर चंदन कुमार ने उक्त आयोजन को बेहद सफल बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिए। उन्होनें कहा कि आप सभी का मेहनत रंग लायी। आप सभी ने बहुत मेहनत कर इस उपलब्धि को हासिल किए। आगे भी भविष्य में इस तरह मेहनत कर समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करें। गौरतलब है कि पूर्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को 3 विभिन्न वर्गो में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स से सम्मानित हो चुका हैं। इस तरह अब जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा 5 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स बना लिए है। पूर्व में 11 जून 2022 को आयोजित सर्वाधिक व्यक्तियों द्वारा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई हेतु पुरूस्कार प्रदान किया गया है। जिसमे कुल 52 हजार 693 लोग एक साथ एक समय में शामिल हुए थे। इसी तरह हेलमेट जागरूकता के लिए 1 जुलाई 2022 को नियमित हेलमेट पहनने वालो का सबसे बड़ा सम्मान समारोह जिले के विभिन्न स्थानों में किया गया। जिसमें 5 हजार 204 लोगो का सम्मान करने हेतु गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का पुरुस्कार प्राप्त हुआ है। साथ ही हेलमेट जागरूकता के लिए सबसे बड़ी रैली का आयोजन जिसमे एक स्थान पर 272 तथा जिले में विभिन्न स्थानों में कुल 7 हजार 263 लोग शामिल हुए जिसकों भी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स बनाने का पुरुस्कार प्रदान किया गया था।

## विद्यार्थियों को दी गई इंटरप्रेन्योरशिप स्किल डेवलपमेंट की जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 9 नवम्बर।** कमलाकांत शुक्ला प्रा. आईटीआई भाटापारा के द्वारा इंटरप्रेनरशिप स्कील डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन 07 नवंबर को किया गया जिसमें एमएसएमई एवं शिक्षोदय एजुकेशन एवं रिसर्च फाउण्डेशन के संचालक सत्येन्द्र श्रीवास्तव एवं विजय त्रिपाठी के द्वारा इंटरप्रेनरशिप जिसमें छात्रों को अपने स्वंय का उद्यम, व्यापार एवं मुद्रा लोन आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई जिसमें संस्था के संचालक मनीष शुक्ला सर एवं संस्था के प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार, समस्त स्टाफगण एवं समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## प्रेक्षकों ने किया मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 नवम्बर।** बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. अनीश शेखर एवं कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ.राजेंद्र भारूड ने आज जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. अनीश शेखर भाटापारा नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 172, 173, 143, 144, 179, 180, 181, 192 एवं 194 में पहुंचकर निरीक्षण कर महत्वपूर्ण सुधार के निर्देश संबंधित रिटर्निंग आफिसर को दिए है। इसी तरह कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ.राजेंद्र भारूड आज कसडोल नगर में स्थित विभिन्न मतदान केन्द्र क्रमांक 132, 133, 134, 135, 136, 137, 138 एवं 141 में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षकों ने सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत व्यवस्थाओं को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की तकलीफ ना हो मतदान केंद्रों में इसका विशेष ध्यान रखे। डॉ.भारूड एवं डॉ अनीश शेखर ने लाइव वेबकास्टिंग के संबध में हो तैयारियों को परखा। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों के दिवाल में विशेष सूचना पटल में लेखन के कार्य को भी पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस मौके पर उन्होने आम ग्रामीण से मुलाकात कर चुनाव




संबधित समान्य जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान संबधित क्षेत्र के तहसीलदार, लायजिनिग अधिकारी सहित राजस्व, पंचायत एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसम्बर को

**कोरबा, 9 नवंबर।** डी. एल. कटकवार, जिला एवं सत्रा न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरण दांडिक, सिविल, कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों के राजीनामा योग्य प्रकरणों को शामिल करते हुये नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में समझौते के माध्यम से निराकरण किये जाने हेतु जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के पदाधिकारीगणों की बैठक ली गई। पूर्व में नालसा के द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 दिसम्बर को किया जाना प्रस्तावित था परंतु अब उक्त तिथि को परिवर्तित करते हुए वर्ष 2023 का अंतिम नेशनल लोक अदालत 16 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अवगत कराया गया कि जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते हैं।

**शिवरतन शर्मा ने किया जनसंपर्क**



**सिमगा, 9 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा ने सिमगा के ग्रामीण क्षेत्रों में अपने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गांव गांव में घूम-घूम कर रहे हैं जनसंपर्क। भाजपा प्रत्याशी शर्मा ने कहा कि मैंने बिना भेदभाव के अपने क्षेत्र में विकास के कार्य कराए हैं उसके दाम पर ही मैं अपने पक्ष में वोट मांग रहा हूं। बैकोनी मुसवा नवागांव हरिन भट्ठा खैरघट माढंर बनसांकरा चंदेरी धोबनी किरवई आदि गांवों में भाजपा प्रत्याशी ने भ्रमण किया।

**रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत् सभी विद्यालय की छात्राओं को दिया जा रहा है आत्मरक्षा के लिए कराते का प्रशिक्षण**



# छात्राएं सीख रहीं आत्मरक्षा के गुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 9 नवम्बर।** आत्मरक्षा प्रशिक्षण रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत् सभी विद्यालय के छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रशिक्षण के तहत नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं प्रशिक्षण ले रहे हैं। कराते मिथलेश सिन्हा प्रतिदिन उन्हें घंटे का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

बुरी परिस्थितियों से खुद अपने आप को छात्राएं कैसे बचा सकते हैं, बुरे व्यक्ति की पहचान कर उससे कैसे व्यवहार किया जाय आदि बातो पर ध्यान देकर उन्हें जागृत, सजग, सावधान किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रशिक्षण में सर्वप्रथम छात्राओं की क्षमता को बढ़ाने, मजबूती देने के लिए उन्हें वार्म अप बॉडी स्ट्रेचिंग, अटैक, डिफेंस आदि का अभ्यास छात्राओं को कराया जाता है। उसके बाद उन्हें अपर किक, लोवर किक, मिडिल किक, अपर अटैक, मिडिल अटैक, लोवर अटैक के साथ डिफेंस का भी पूरा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण एमेच्योर ताइक्वांडो एसोसियेशन छत्तीसगढ़ के माध्यम से जिला समग्र शिक्षा विभाग के आदेश पर दिया जा रहा है।जिसके जिले के मास्टर ट्रेनर तेजेश यदु, कृष्ण कुमार सोनी समय समय पर मार्गदर्शन एवं निरीक्षण जिले के सभी जगह कर रहे हैं।बाल पिन, जुड़ा पिन से भी स्वयं की करें रक्षा इसके अतिरिक्त छात्राओं के पास मौजूद वस्तुओं से ही उन्हें आत्मरक्षा करना सिखाया जा रहा है। इसके तहत पेन, पेंसिल, बाल पे लगाने वाले जुड़ा पिन, सेफ्टी पिन क्लचर, क्लिप, दुपट्टा, अंगूठी, कड़ा, जोमेट्री बाक्स, बेल्ट आदि से विपरीत परिस्थितियों में अपनी आत्मरक्षा के प्रयोग के लिए बताया जा रहा है। बच्चियां बड़ी लगन से प्रशिक्षण का लाभ ले रही हैं। प्रशिक्षण में संस्था के प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू, पीटीआई डोमेश्वर ध्रुव, रेखा प्रधान, सीमा सिंह, चंद्रवती सिन्हा, भूपत कन्नौजे, लारेंस महिलांगे, मोहन ध्रुव, लोकेंद्र साहू, युवराज कंवर, चंद्रप्रभा सेन, मधुबाला साहू, वंदना देवांगन, नेहा जायसवाल, पूनम, भूखन, नागेंद्र देवांगन, नरोत्तम, सहित पूरे स्टाफका पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ....................
अ/6 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अंबिका प्रसाद तिवारी आ. रघुनाथ प्रसाद तिवारी निवासी वार्ड नंबर 23 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि छ.ग. शासन द्वारा नजूल अधिकारी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के नजूल शहर डोंगरगढ़ स्थित शीट क्रमांक 01 भूखण्ड क्रमांक 302 में से क्षेत्रफल 690 वर्गफुट भू-भाटक 2.00 रूपये राज्य शासन के द्वारा शासकीय भूखण्ड का भूमि स्वामी हक में व्यवस्थापन किया जाकर दिनांक 03/10/2023 को आवेदक क्रेता अंबिका प्रसाद तिवारी द्वारा विक्रय पत्र निष्पादित किया गया है। अतः आवेदक क्रय की गई भूमि पर अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 20/11/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग)

